■ चैत्र शुक्ल - 30 ■ संवत 2082 ■ वर्ष - 12 ■ अंक - 253 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 12-04-2025 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





4 माफी कभी नहीं मांगूंगा, न ही कभी मांगी है : आहूजा

6 राणा के बहाने पाकिस्तान का पूरा आतंकी सच उजागर हो

7 बच्चों के अधिकारों और जिम्मेदार डिजिटल पेरेंटिंग के लिए अभियान चलाएंगी नेहा धूपिया

HARIOM SMILES CHENNAI

Spiritual Healer & Empowering Orator

13th April 2025

3pm to 5pm

@Chinmaya Heritage Center Tapovan Hall Auditorium, Harrington Road, Chennai.

For more details Contact.

9840794472,9600048105



## अपने और पराये की मानसिकता है दुनिया के कई हिस्सों में जारी युद्ध और संघर्ष की जड़

■ गरीब और वंचित के उत्थान का संकल्प और 'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र ही भारत सरकार की नीति और निष्ठा है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अशोकनगर (मप्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अपने और पराए की मानसिकता को दुनिया के कई हिस्सों में जारी युद्ध और संघर्ष की जड़ करार दिया और कहा कि इसका समाधान अद्वैत के विचार में निहित है।

मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले के ईसागढ़ तहसील स्थित आनंदपुर धाम के गुरु जी महाराज मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि गरीब और वंचित के उत्थान का संकल्प और 'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र ही भारत सरकार की नीति और निष्ठा है। उन्होंने कहा कि दुनिया में भौतिक उन्नति के बीच मानवता के लिए आज युद्ध, संघर्ष और मानवीय मूल्य से जुड़ी कई बड़ी चिंताएं भी सामने हैं। उन्होंने कहा, ''इन चिंताओं और इन चुनौतियों की जड़ में है अपने और पराए की मानसिकता। वह मानसिकता, जो मानव को मानव से दूर करती है। आज विश्व भी सोच रहा है इनका समाधान कहां मिलेगा? इनका समाधान मिलेगा, अद्वैत के विचार में।'' उन्होंने कहा, ''अद्वैत यानी जहां कोई द्वैत नहीं है। यानी जीव मात्र में एक ही ईश्वर को देखने का विचार। इससे भी आगे संपूर्ण सृष्टि को ईश्वर का स्वरूप देखने की सोच ही अद्वैत है। इसी सिद्धांत को... जो तू है, सो मैं हूं। इतनी सुंदर बात है। ये विचार मेरे और तुम्हारे का भेद खत्म कर देता है। और यह विचार सब मान लें तो सारे झगड़े ही खत्म हो जाएं।'' प्रधानमंत्री ने भारत को ऋषियों, मनीषियों और संतों की धरती करार दिया और कहा कि जब-जब हमारा भारत, हमारा समाज किसी मुश्किल दौर से गुजरता है तो कोई न कोई ऋषि या मनीषी इस धरती पर अवतरित होकर समाज को नई दिशा देता है। उन्होंने कहा, ''हम पूज्य स्वामी अद्वैतानन्द महाराज के जीवन में भी इसकी झलक देख सकते हैं। एक समय था, जब आदि शंकराचार्य जैसे आचार्यों ने अद्वैत दर्शन के गहरे ज्ञान की व्यख्या की थी। इसी परंपरा में पूज्य अद्वैतानन्द जी महाराज ने भारत के जन सामान्य तक इसे पहुंचाने का बीड़ा उठाया। महाराज जी ने अद्वैत के ज्ञान को हम सभी के लिए और सरल बनाया, उसे सामान्य जन के लिए और सुलभ कर दिया।''

जिले के ईसागढ़ तहसील के आनंदपुर गांव में स्थित यह धाम परमहंस अद्वैतानन्द महाराज का समाधि स्थल और अद्वैत मठ का मुख्य आश्रम है। यह अशोकनगर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर और भोपाल से करीब 215 किलोमीटर दूर है।

मोदी ने कहा, ''आनंदपुर धाम लोगों को मुफ्त इलाज मुहैया करा रहा है, यहां आधुनिक गोशाला है, नई पीढ़ी के लिए स्कूल हैं और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में यह सक्रिय है। सेवा की यह भावना सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज गरीब व्यक्ति भोजन की चिंता से मुक्त है, आयुष्मान योजना के कारण इलाज, जल जीवन मिशन के तहत पानी और पीएम आवास योजना के तहत घर आदि मिल रहा है।'' उन्होंने कहा, ''गरीब और वंचित के उत्थान का संकल्प...'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र... सेवा की ये भावना...आज सरकार की नीति भी है और निष्ठा भी है।''



## तमिलनाडु चुनाव के लिए भाजपा से अन्नाद्रमुक ने हाथ मिलाया

### राज्य स्तर पर पलानीस्वामी करेंगे नेतृत्व : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिये भारतीय जनता पार्टी एवं राज्य विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने शुक्रवार को गठबंधन की घोषणा की। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐलान किया कि प्रदेश में 2026 का विधानसभा चुनाव अन्नाद्रमुक अध्यक्ष एडप्पादि के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़ा जायेगा।

अलग होने के करीब दो साल बाद दोनों पार्टियों के बीच फिर से गठबंधन होने पर शाह ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य स्तर पर पलानीस्वामी का नेतृत्व होगा। शाह ने यहां पलानीस्वामी और प्रदेश भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष के अन्नामलाई के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अन्नाद्रमुक एवं भाजपा ने अगला (साल) चुनाव (साथ) लड़ने का फैसला किया है...1998 से, अन्नाद्रमुक पार्टी भाजपा गठबंधन का हिस्सा रही है(अलग अलग समय पर)। प्रधानमंत्री मोदी और दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता ने केंद्र-राज्य संबंधों के लिए काम किया था।'' उन्होंने कहा, हम एडप्पादी पलानीस्वामी के नेतृत्व में मिलकर सरकार बनाएंगे। उन्होंने संकेत दिया कि राजग के जीतने पर यह गठबंधन सरकार होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि राजग को ठोस जनादेश मिलेगा और वह सरकार बनाएगा। कुछ मुद्दों पर अन्नाद्रमुक के अलग-अलग रुख पर शाह ने कहा कि बैठकर चर्चा की जाएगी और जरूरत पड़ने पर न्यूनतम साझा कार्यक्रम बनाया जाएगा। उन्होंने राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक की आलोचना की और आरोप लगाया कि वह सनातन धर्म, तीन भाषा नीति और परिसीमन जैसे मुद्दों को केवल महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान हटाने के इरादे से उठा रही है। शाह ने कहा कि लोग 'कई घोटालों' पर सत्तारूढ़ सरकार से जवाब मांग रहे हैं और वे वास्तविक मुद्दों पर वोट करेंगे।

## फर्स्ट टेक

### लंबी दूरी के ग्लाइड बम गौरव का सफलतापूर्वक परीक्षण

**नई दिल्ली/भाषा।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सुखोई विमान के माध्यम से लंबी दूरी के ग्लाइड बम गौरव का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। गौरव 1,000 किलोग्राम वर्ग का ग्लाइड बम है जिसे डीआरडीओ ने स्वदेशी तौर पर डिजाइन और विकसित किया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि आठ से 10 अप्रैल तक किए गए परीक्षणों में लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तक सटीक निशाना लगाने में सफलता मिली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गौरव के सफल विकास परीक्षणों के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना और संबंधित उद्योग भागीदारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लंबी दूरी के ग्लाइड बम के विकास से सशस्त्र बलों की क्षमताओं में काफी वृद्धि होगी। मंत्रालय ने कहा, डीआरडीओ ने आठ से 10 अप्रैल के बीच सुखोई-30 एमकेआई विमान के जरिये लंबी दूरी के ग्लाइड बम (एलआरजीबी) 'गौरव' का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

### किश्तवाड़ में हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर, उधमपुर में तलाश अभियान जारी

**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि उधमपुर जिले में तीन आतंकवादियों के एक समूह का पता लगाने के लिए अलग से एक अभियान जारी है। सेना के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू क्षेत्र के पहाड़ी जिलों में विभिन्न स्थानों के बीच संभावित रूप से आवाजाही करने वाले आतंकवादियों की टोह के लिए निगरानी का दायरा डोडा जिले के भद्रवाह क्षेत्र तक बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने कहा कि जिले के चतरू वन क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना द्वारा संयुक्त रूप से खुफिया जानकारी पर शुरू किये गये तलाश और नष्ट करने के अभियान के दौरान किश्तवाड़ में यह मुठभेड़ हुई।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 12-04-2025 6:21 बजे | सूर्योदय 13-04-2025 6:57 बजे |
| BSE 75,157.26 (+1,310.11) | NSE 22,828.55 (+429.40) |
| सोना 9,312 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 102,000 रु. प्रति किलो |

## इतिहास मिटाना चाहते हैं भाजपा व आरएसएस : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक फिल्म से जुड़े विवाद का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) हर कदम पर दलित और बहुजन इतिहास को मिटाना चाहते हैं।



महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले के जीवन पर आधारित फिल्म 'फुले' इन दिनों सुर्खियों में है। फिल्म में अभिनेता प्रतीक गांधी ने महात्मा फुले की और अभिनेत्री पत्रलेखा ने सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभायी है।

राहुल गांधी ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भाजपा-आरएसएस के नेता एक तरफ फुले जी को दिखावटी नमन करते हैं और दूसरी तरफ उनके जीवन पर बनी फिल्म को सेंसर कर रहे। महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले जी ने जातिवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरा जीवन समर्पित कर दिया, मगर सरकार उस संघर्ष और उसके ऐतिहासिक तथ्यों को पर्दे पर नहीं आने देना चाहती।'' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस हर कदम पर दलित-बहुजन इतिहास मिटाना चाहते हैं, ताकि जातीय भेदभाव और अन्याय की असली सच्चाई सामने नहीं आ सके।

## चीन का अमेरिका को जवाब, आयात पर शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत किया

बीजिंग/भाषा। चीन ने ट्रंप प्रशासन की तरफ से सीमा शुल्क में लगातार की जा रही बढ़ोतरी के बीच शुक्रवार को अपना पलटवार जारी रखते हुए अमेरिकी उत्पादों के आयात पर अतिरिक्त शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया। इसके पहले अमेरिका ने चीन से आयात होने वाले उत्पादों पर शुल्क को बढ़ाकर 145 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। हालांकि चीन ने सीमा शुल्क को लेकर छिड़े व्यापार गतिरोध को दूर करने के लिए अमेरिकी प्रशासन के साथ बातचीत करने में भी दिलचस्पी दिखाई। चीन के सीमा शुल्क आयोग ने अमेरिकी आयात पर अतिरिक्त 125 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा करते हुए कहा, अगर अमेरिका इससे भी अधिक शुल्क लगाता है तो उसका आर्थिक रूप से कोई मतलब नहीं होगा और आखिरकार वह विश्व आर्थिक इतिहास में एक मजाक के रूप में दर्ज होगा। आयोग ने कहा, चीनी बाजार के लिए मौजूदा शुल्क स्तर पर अमेरिकी आयात को स्वीकार करना पहले से ही असंभव है। ऐसे में अगर अमेरिका हमारे उत्पादों पर और शुल्क लगाता है तो फिर चीन इसे अनदेखा कर देगा। इसके साथ ही सीमा शुल्क आयोग ने कहा कि अगर अमेरिका चीन के हितों को कमज़ोर करने में लगा रहता है तो चीन सख्त जवाबी कार्रवाई करेगा और आखिर तक लड़ेगा। अतिरिक्त शुल्क शनिवार से प्रभावी होंगे। यह घोषणा चीनी आयात पर 'जवाबी शुल्क' को 125 प्रतिशत तक बढ़ाने के अमेरिकी कदम के बाद की गई है।

## ऑस्कर की नई श्रेणी में फिल्म 'आरआरआर' के एक दृश्य को चुना गया



नई दिल्ली/भाषा। 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' द्वारा घोषित ऑस्कर की नई श्रेणी 'अचीवमेंट इन स्टंट डिजाइन' में फिल्म निर्देशक एस.एस. राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' के लड़ाई के एक दृश्य को चुना गया है। फिल्म 'आरआरआर' के लड़ाई के इस दृश्य में जूनियर एनटीआर बाघ की ओर झपटते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म 'आरआरआर' के गीत नाटू-नाटू ने ऑस्कर 2023 में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का खिताब जीता था। फिल्म में लड़ाई का उक्त दृश्य उन तीन तस्वीरों में से एक हैं, जिन्हें ऑस्कर की इस श्रेणी के लिए चुना गया है। अन्य दो तस्वीरें मिशेल योह अभिनीत 2022 की मल्टीवर्स गाथा ''एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स'' और टॉम क्रूज अभिनीत 2011 में आई ''मिशन इम्पॉसिबल-घोस्ट प्रोटोकॉल'' से हैं। इसमें क्रूज के किरदार एथन हंट को दुबई के बुर्ज खलीफा पर चढ़ते हुए दिखाया गया है। एकेडमी ने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ''स्टंट हमेशा से ही फिल्मों के जादू का हिस्सा रहे हैं। अब, वे ऑस्कर का हिस्सा हैं। एकेडमी ने स्टंट डिजाइन में उपलब्धि के लिए एक नए वार्षिक पुरस्कार की घोषणा की है और 2028 में 100वें ऑस्कर में इस श्रेणी में पुरस्कार की शुरुआत की जाएगी।

### 26/11 की तरह

## तहव्वुर राणा ने अन्य भारतीय शहरों को निशाना बनाने की साजिश रची थी : एनआईए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने कहा है कि आरोपी तहव्वुर राणा ने 26/11 के मुंबई हमलों की तरह ही कई अन्य भारतीय शहरों को भी निशाना बनाने के लिए साजिश रची थी। एक सूत्र के अनुसार, माना जा रहा है कि एनआईए ने विशेष न्यायाधीश से कहा, ''उसकी (राणा की) लंबी हिरासत व्यापक पूछताछ के लिहाज से आवश्यक है, जिसका उद्देश्य साजिश की गहरी परतों को उजागर करना है। हमें संदेह है कि मुंबई हमलों में इस्तेमाल की गई चालों को अन्य शहरों में भी अंजाम देने की साजिश थी, जिसके बाद जांचकर्ताओं ने यह जांच की कि क्या इसी तरह की साजिश कहीं और भी रची गई थी।'' राणा को बृहस्पतिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत लाया गया। दिल्ली की एक अदालत को पिछले दिनों अमेरिका से राणा के प्रत्यर्पण से पहले मुंबई हमलों के मुकदमे के रिकॉर्ड मिल गए थे। एक सूत्र ने यह जानकारी दी।



एनआईए ने कहा कि आपराधिक षड्यंत्र के तहत आरोपी संख्या एक डेविड कोलमैन हेडली ने अपनी भारत यात्रा से पहले पूरी साजिश पर राणा से बात की थी। एनआईए ने अदालत को बताया कि संभावित चुनौतियों की आशंका से हेडली ने राणा को एक ईमेल भेजा था जिसमें उसके सामान और परिसंपत्तियों का ब्योरा था। एजेंसी ने साथ ही बताया कि हेडली ने राणा को इस साजिश में पाकिस्तानी नागरिकों इलियास कश्मीरी और अब्दुर रहमान की संलिप्तता के बारे में भी बताया था।

### खुशी है कि 26/11 हमले के पीड़ितों के लिए न्याय का समय आ गया है : अमेरिकी विदेश मंत्री

**न्यूयॉर्क/ वॉशिंगटन/भाषा।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका 26/11 मुंबई हमलों के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए लंबे समय से प्रयास करते आ रहे हैं और तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के साथ ही वह दिन आ गया है। रूबियो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हमने तहव्वुर हुसैन राणा को भारत प्रत्यर्पित किया है, ताकि 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों की साजिश में भूमिका के लिए उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जा सके। हम उन हमलों में जान गंवाने वाले छह अमेरिकी नागरिकों समेत 166 लोगों को न्याय दिलाने के लिए भारत के साथ मिलकर लंबे समय से प्रयास कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि वह दिन आ गया है।

मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### जेल और बेल

नेताओं को प्रिय रहा,
दो स्थानों का मेल।
या तो संसद में रहें,
या फिर जाएं जेल।
इनकी किस्मत है गजब,
अद्भुत इनका खेल।
छल बल या कल से सदा,
ले लेते झट बेल।।




।। श्री गणेशाय नमः।।

श्री हनुमान सेवा समिति, बेंगलूरु

की 30वीं प्रस्तुति

श्री हनुमान जन्मोत्सव

आज, शनिवार, 12 अप्रैल 2025

समारोह स्थल : GODWAD BHAWAN

Behind Poornima Theater, Near Jain College, Lalbagh Road Cross, Bangalore

आज का मंगल कार्यक्रम

श्री हरिकिशन सारड़ा, बेंगलूरु

अपराह्न 2.30 बजे
संगीतमय सुन्दरकांड पाठ
जसवंतगढ़ नागरिक परिषद
प्रमुख श्री हरिकिशन सारड़ा

श्री प्रकाश मिश्रा कोलकाता

श्री प्रभात करनाणी बेंगलूरु

- सायं 5.30 बजे : भजन श्री प्रभात करनाणी द्वारा
- सायं 7.00 बजे : भजन श्री प्रकाश मिश्रा द्वारा
- रात्रि 9.30 बजे : मंगल आरती एवं महाप्रसाद

विशेष आकर्षण - श्री हनुमानजी महाराज की मनमोहक झांकी

सभी श्रद्धालुगण सादर सपरिवार, मित्रों सहित आमंत्रित हैं

सहयोगी संस्थाएं

अग्रवाल समाज कर्नाटक, माहेश्वरी सभा, स्वास्तिक सेवा संघ, श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट, श्री गोपीकृष्ण संकीर्तन मंडल, राधिका मंडल, आरएलवी भक्त मंडल, श्री गुर्जर गौड़ समाज, सौरभ सांस्कृतिक संस्थान, श्याम दीवाने, आपणो परिवार, मारवाड़ी युवा मंच, नोखा नागरिक परिषद, जसवंतगढ़ नागरिक परिषद, विप्र फाउण्डेशन जोन 18, गौड़ ब्राह्मण संघ,कर्नाटक, खांडल विप्र शाखा सभा, श्री सालासर बालाजी सेवा समिति, कर्नाटक प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन, श्री श्याम मंडल, श्री दादी धाम प्रचार समिति, मां शाकम्बरी सेवा समिति, श्री श्याम परिवार कीर्तन मंडल, श्री श्याम सखा परिवार, श्री श्याम सेवा संघ, माहेश्वरी महिला संगठन

अमृततुल्य महाप्रसाद की व्यवस्था रखी गई हैं, कृपया अवश्य ग्रहण करें।

कमेटी मेम्बर

R.L. Bhutra, Shreekant Parashar, L.N. Daga, Sandeep Agrawal, Sushil Tibrewal, Praveen Rungta, Pawan Rungta, Suresh Jain, T.C. Goyal, Sajjan Sharma, Omprakash Mantri, Vinay Tibrewal, R.M. Jhawar, Kamlesh Didwaniya, Madan Maheshwari

शुभकामनाओं सहित : ओम प्रकाश मंत्री

MANTRY STONEX L.L.P.

21/6, Begihalli Village, Jigani Main Road, Bangalore - 560105

www.mantrystonex.com



## महाराष्ट्र ने रूस के रोसाटॉम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र ने शुक्रवार को रूस की सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी रोसाटॉम के साथ थोरियम ईंधन पर आधारित एक छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर के विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) और रोसाटॉम की 'थोरियम ईंधन के साथ छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर' पहल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य महाराष्ट्र में संयुक्त रूप से एक थोरियम रिएक्टर विकसित करना, परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (एईआरबी) के सुरक्षा मानकों के अनुसार थोरियम रिएक्टरों का व्यावसायीकरण करना और 'मेक इन महाराष्ट्र' पहल के तहत थोरियम रिएक्टरों के लिए एक 'असेंबली लाइन' (कलपुर्जों को जोड़ने की व्यवस्था) स्थापित करना है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) और रूस के सरकारी परमाणु ऊर्जा निगम 'रोसाटॉम' के बीच थोरियम ईंधन पर आधारित एक छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर के विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान बैठक की अध्यक्षता की।''

# सीतारमण का ऑस्ट्रिया की कंपनियों से भारत के उभरते क्षेत्रों में निवेश का आग्रह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को ऑस्ट्रियाई कंपनियों से भारत में निवेश करने का आग्रह किया क्योंकि यह नए और उभरते क्षेत्रों में कई अवसर प्रदान करता है।

ऑस्ट्रिया की यात्रा पर गयीं सीतारमण ने राजधानी वियना में भारत-ऑस्ट्रिया व्यापार गोलमेज बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ऑस्ट्रियाई कंपनियों को भारत द्वारा प्रदान किए जाने वाले कई अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। भारत ने आर्थिक वृद्धि और समानता में तेजी लाने के साथ कारोबारी सुगमता को सुनिश्चित करने के लिए किए गए सुधारों की वजह से जबर्दस्त प्रगति की है। वित्त मंत्री ने कहा, मैंने हरित हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वाहन, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और नवाचार में उभरते जैसे अवसरों का जिक्र किया। भारत एशिया और वैश्विक दक्षिण के लिए एक उत्कृष्ट प्रवेश द्वार है। सीतारमण ने ऑस्ट्रिया के व्यापार प्रतिनिधियों से कहा कि भारत और ऑस्ट्रिया के बीच मजबूत आर्थिक और वाणिज्यिक साझेदारी की संभावनाएं बहुत उज्ज्वल हैं। उन्होंने कहा कि कई ऑस्ट्रियाई कंपनियों ने भारत में उत्कृष्ट डिजिटल और आईटी प्रतिभा का लाभ उठाने के लिए भारत में क्षमता केंद्र स्थापित किए हैं। वित्त मंत्री ने पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा को याद करते हुए कहा कि यह भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी में, खासकर आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने में एक मील का पत्थर था। उन्होंने ऑस्ट्रियाई अर्थव्यवस्था मंत्री और वित्त मंत्री के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक के दौरान वित्तीय, आर्थिक, व्यापार और निवेश क्षेत्रों में भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। दोनों देश पारस्परिक लाभ के लिए अपनी पूरक क्षमताओं का लाभ उठाने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रिया की क्षमताओं और जुड़ाव की संभावनाओं के आधार पर हमने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को भी चिह्नित किया है। इनमें हरित और डिजिटल प्रौद्योगिकियां, बुनियादी ढांचा, नवीकरणीय ऊर्जा, जल प्रबंधन, जीवन विज्ञान, साथ ही इलेक्ट्रिक परिवहन और परिवहन शामिल हैं।



## पिछड़ी जातियों को अपमान से बचाने के लिए कानून लाएंगे : नायडू


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**एलुरु/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को वादा किया कि तेदेपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार पिछड़े वर्गों को अपमान से बचाने के लिए एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की तर्ज पर पिछड़ा वर्ग (बीसी) संरक्षण अधिनियम लागू करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भेदभाव अब भी मौजूद है और बीसी संरक्षण अधिनियम जैसे कानून की आवश्यकता है। नायडू ने एलुरु जिले के वडलमनु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''भेदभाव है। इसीलिए एससी/एसटी अत्याचार अधिनियम है और आने वाले दिनों में पिछड़े वर्गों को अपमान से बचाने के लिए यह सरकार बीसी संरक्षण अधिनियम लाने की जिम्मेदारी लेगी।'' मुख्यमंत्री के मुताबिक, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के सत्ता में आने तक पिछड़े वर्गों के लिए कोई न्याय नहीं था।

उन्होंने कहा कि तेदेपा ही एकमात्र पार्टी है, जो पिछड़े वर्गों के साथ न्याय कर रही है। नायडू ने पिछड़ी जातियों को तेदेपा का आधार बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार इन समुदायों को अन्य समुदायों के उन्नयन का प्रयास करेगी। इस बीच, तेदेपा प्रमुख ने कहा कि सोशल मीडिया अपराधियों की शरणस्थली बन गयी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई सोशल मीडिया की आड़ में चरित्र हनन में संलिप्त होगा तो वह उसका ''आखिरी दिन'' होगा।

## राणा को लाने के लिए केंद्र सरकार को बधाई, लेकिन काले धन का क्या हुआ: अब्दुल्ला



**श्रीनगर/भाषा।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा के प्रत्यर्पण को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार को बधाई दी, लेकिन साथ ही काला धन वापस लाने के वादे को लेकर भाजपा पर कटाक्ष भी किया। राणा के अमेरिका से भारत प्रत्यर्पण के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं उन्हें बधाई देता हूं कि वे कम से कम किसी को तो वापस लाए। वे काला धन वापस लाने वाले थे और सभी को 15 लाख रुपए देने वाले थे, उसका क्या हुआ? इससे पहले दिन में पहले वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के विरोध प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर, नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख ने कहा, यह अच्छी बात है। उन्हें विरोध करने दें। यह एक स्वतंत्र देश है। वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर पार्टी के रुख के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि पार्टी इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाएगी।

# नियमित तौर पर सीबीआई जांच के निर्देश न दें उच्च न्यायालय : न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने एक मामले की जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने से संबंधित पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय का एक आदेश खारिज कर दिया है और कहा है कि कि ऐसे निर्देश नियमित रूप से पारित नहीं किए जाने चाहिए। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालयों को केवल उन मामलों में सीबीआई से जांच कराने का निर्देश देना चाहिए, जहां प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता हो कि सीबीआई से जांच कराने की आवश्यकता है।

पीठ ने कहा, उच्च न्यायालयों को केवल उन मामलों में सीबीआई जांच का निर्देश देना चाहिए, जहां प्रथम दृष्टया सीबीआई जांच की आवश्यकता प्रतीत होती हो। सीबीआई जांच का निर्देश नियमित तरीके से या कुछ अस्पष्ट आरोपों के आधार पर नहीं दिया जाना चाहिए। न्यायालय ने कहा, बिना किसी निश्चित निष्कर्ष के 'अगर' और 'मगर' जैसे तर्क सीबीआई जैसी एजेंसी को जांच का निर्देश देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। उच्च न्यायालय के मई 2024 के आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर उच्चतम न्यायालय ने यह फैसला दिया है। पीठ ने कहा कि अक्टूबर 2022 में पंचकूला में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने खुद को खुफिया ब्यूरो का महानिरीक्षक (आईजी) बताते हुए शिकायतकर्ता को धमकाया और उसे अपने खाते में 1.49 करोड़ रुपए स्थानांतरित करने के लिए कहा। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने दवाओं का कारोबार करने वाले शिकायतकर्ता को अपने सहयोगियों के साथ काम करने के लिए मजबूर किया और उससे जबरन पैसे वसूले। शिकायतकर्ता ने उच्च न्यायालय से मामले की जांच का जिम्मा राज्य पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया।

## भारत के पास डिजिटल बुनियादी ढांचे को एआई की ताकत से जोड़ने की विशिष्ट स्थिति: नीलेकणि



**नई दिल्ली/भाषा।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस के चेयरमैन और 'आधार' परियोजना के सूत्रधार रहे नंदन नीलेकणि ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपने विशाल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (डीपीआई) को कृत्रिम मेधा (एआई) की ताकत से जोड़ने के लिए विशिष्ट स्थिति में है।

कार्नेगी इंडिया की तरफ से आयोजित वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन में नीलेकणि ने कहा कि एआई को लेकर चर्चाओं का दौर अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच चुका है लेकिन बड़े पैमाने पर इसे बनाने और संचालित करने में वास्तविक चुनौतियां मौजूद हैं। भारत में इस समय विमर्श का केंद्र यह है कि कम लागत पर और जनसंख्या के पैमाने पर जीवन को बेहतर बनाने के लिए एआई का उपयोग किस तरह किया जाए। नीलेकणि ने कहा, एआई डीपीआई को बेहतर बनाता है। हमारे पास जो डिजिटल बुनियादी संरचना है, उसमें एआई का इस्तेमाल हो रहा है और यह डीपीआई को बेहतर बना रहा है। भारत अपने इतिहास के कारण विशिष्ट स्थिति में होगा और यह डीपीआई और एआई को मिलाकर काम करने का एक नया तरीका तैयार करेगा। भारत में एआई को लेकर रणनीति व्यक्तिगत उपयोग मामलों पर ध्यान केंद्रित करने और यह सुनिश्चित करने की है कि यह सुरक्षित, निष्पक्ष और जिम्मेदार हो। साथ ही नीलेकणि ने सावधान करते हुए कहा कि एआई आसान नहीं है और रातोंरात होने वाला कोई जादू नहीं है।

## बदलाव की प्रतीक्षा में गुजरात, घर-घर तक पहुंचें कांग्रेस के लोग : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अहमदाबाद में पार्टी अधिवेशन संपन्न होने के बाद शुक्रवार को पार्टी की गुजरात इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि राज्य बदलाव के लिए प्रतीक्षारत है और ऐसे में वे पार्टी के संदेश को घर-घर तक पहुंचाएं।

पार्टी का अधिवेशन बीते नौ अप्रैल को अहमदाबाद में संपन्न हुआ जिसमें सरदार पटेल, राजनीतिक मुद्दों और गुजरात को लेकर तीन प्रस्ताव पारित किए गए। पार्टी ने गुजरात से संबंधित प्रस्ताव में तीन दशक बाद राज्य की सत्ता में वापसी का संकल्प लिया है। खरगे ने वीडियो जारी कर कहा, ''मैं अहमदाबाद एआईसीसी अधिवेशन सफलता-पूर्वक आयोजित करने के लिए देश भर के कांग्रेस के साथियों को बधाई और धन्यवाद देता हूं। विशेष तौर पर गुजरात प्रदेश कांग्रेस की टीम को मैं बधाई देता हूं, जिन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों और हमारी सरकार न होने के बावजूद समर्पण के साथ इसे सफल बनाने में रात दिन का श्रम किया। हर कार्यकर्ता को बधाई। कई वर्षों से गुजरात में कांग्रेस विपक्ष में है। फिर भी यह बहुत कामयाब आयोजन रहा। इसका संदेश देश से आए एआईसीसी सदस्य अपने इलाकों में पहुंचाएंगे।'' खरगे ने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का आह्वान किया, ''इस अधिवेशन को सफल बनाने वाले गुजरात के साथियों को मै कहना चाहूंगा कि आपमें गजब की संगठन क्षमता है। आप घरों से बाहर निकलिए। बदलाव आपकी प्रतीक्षा में है।''

## विदेशी मुद्रा भंडार 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर पर

**मुंबई/भाषा।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 6.59 अरब डॉलर बढ़कर 665.39 अरब डॉलर हो गया था। यह लगातार पांचवां सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। हाल ही में पुनर्मूल्यांकन और रुपए में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप के कारण इसमें गिरावट आई थी। सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, चार अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का महत्वपूर्ण हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 9.1 अरब डॉलर बढ़कर 574.09 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।



# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया छत्तीसगढ़ राज्य की पहली सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाई का भूमिपूजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में 1,143 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली पहली सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाई का शुक्रवार को भूमिपूजन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री साय ने आज नवा रायपुर में देश की प्रसिद्ध सेमीकंडक्टर निर्माता कंपनी 'पोलीमैटेक इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लि.' के संयंत्र की आधारशिला रखी। यह कंपनी सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक है, जो छत्तीसगढ़ में 1,143 करोड़ रुपए की लागत से एक बड़ा कारखाना स्थापित करेगी। डेढ़ लाख वर्ग फुट में बनने वाले इस संयंत्र से 2030 तक सालाना 10 अरब चिप उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है जिनका उपयोग टेलीकॉम, 6जी/7जी, लैपटॉप और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में किया जाएगा। इस संयंत्र की स्थापना से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा, ''यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है कि छत्तीसगढ़ में पहले सेमीकंडक्टर संयंत्र की स्थापना का भूमिपूजन हुआ है। छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति में सेमीकंडक्टर उद्योग को विशेष प्रोत्साहन दिए गए हैं, जिससे निश्चित रूप से कंपनी को यहां निवेश में सफलता मिलेगी। विश्व के जो भी देश विकसित हुए हैं, उन्होंने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मेहनत की है, अनुसंधान किया है और ऐसा वातावरण बनाया है जिससे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में तेजी से प्रगति संभव हो पाई। अब 6जी और 7जी तकनीक भी आ रही है और मुझे खुशी है कि इनके लिए आवश्यक चिप हमारे देश में ही तैयार होंगी, और नवा रायपुर, अटल नगर में हमारे इंजीनियर इन्हें बनाएंगे।'' पिछले वर्ष दिसंबर में दिल्ली में आयोजित एक निवेशक संपर्क कार्यक्रम में राज्य के अधिकारियों की मुलाकात 'पोलीमैटेक' के प्रबंधन से हुई थी और उसी समय कंपनी ने छत्तीसगढ़ में निवेश की इच्छा जताई थी।

## शुल्क युद्ध के बीच केंद्र ने वैश्विक शुल्क और व्यापार 'हेल्प डेस्क' शुरू की

**नई दिल्ली/भाषा।** वाणिज्य मंत्रालय शुल्क में बदलाव, आयात में उछाल और निर्यात संबंधी चुनौतियों समेत वैश्विक व्यापार में हो रहे घटनाक्रमों पर पैनी नजर रख रहा है। वाणिज्य मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए कहा कि विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने उभरते व्यापारिक मुद्दों से निपटने में संबंधित लोगों की मदद करने के लिए अलग से 'वैश्विक शुल्क और व्यापार हेल्प डेस्क' शुरू की है।

मंत्रालय ने कहा, उभरते व्यापार परिदृश्य और विभिन्न शुल्क और जवाबी शुल्क उपायों की शुरुआत को देखते हुए, नए निर्यात अवसर और विशिष्ट देशों या उत्पाद क्षेत्रों से आयात दबाव बढ़ सकता है। यह 'हेल्प डेस्क' आयात और निर्यात संबंधी चुनौतियों, आयात में वृद्धि या डंपिंग, एक्जिम (आयात-निर्यात) मंजूरी, लॉजिस्टिक या आपूर्ति शृंखला चुनौतियों, वित्तीय या बैंकिंग मुद्दों और नियामकीय या अनुपालन मुद्दों से संबंधित मुद्दों को देखेगी। यह केंद्र और राज्य सरकारों के अन्य मंत्रालयों/विभागों या एजेंसियों से संबंधित व्यापारिक मुद्दों को भी एकत्रित करेगी, उनका समन्वय करेगी, उनका सहयोग प्राप्त करेगी व संभावित समाधान प्रदान करेगा। अमेरिका ने व्यापारिक साझेदारों पर 10% आयात शुल्क लगाया है, जबकि चीन पर 125% शुल्क लगाया गया है।

## अभिनेत्री की तरह बोलती हैं कंगना रनौत, उन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं: हिमाचल प्रदेश के मंत्री



**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शुक्रवार को कहा कि मंडी लोकसभा सीट से भाजपा की सांसद कंगना रनौत एक अभिनेत्री की तरह बोलती हैं और उन्हें गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए।

कंगना ने हाल ही में कहा था कि उन्हें मनाली के अपने घर के लिए एक लाख रुपए का बिजली बिल मिला है और उद्योग भी बिजली बिल की मार झेल रहा है, इस बारे में पूछे जाने पर चौहान ने कहा, जब आप बिल का भुगतान नहीं करेंगे, तो यह बढ़ता चला जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा, वह (अपने बयान से) सोशल मीडिया और अखबारों के माध्यम से सनसनी फैलाने की कोशिश कर रही हैं। यह उनकी पुरानी आदत है, लेकिन अब वह एक राजनीतिक हैं और उन्हें चीजों को गंभीरता से लेना चाहिए। कंगना को मंडी संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है और उन्हें अनावश्यक बयानबाजी करने के बजाय लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना चाहिए और उनके मुद्दों को हल करना चाहिए। उन्होंने कहा, वह डायलॉग बोलती रहती हैं और हमें उन्हें गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए।

## जम्मू हवाई अड्डे पर निगरानी कर रहा यूएवी दुर्घटनाग्रस्त, सैनिक घायल

**जम्मू/भाषा।** जम्मू के हवाई अड्डे पर 'मानवरहित निगरानी यान' (यूएवी) हवाई अड्डा क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे एक सैनिक घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस यूएवी को निगरानी के लिए तैनात किया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब यूएवी नियमित उड़ान भरने के बाद हवाई अड्डे पर उतर रहा था। उन्होंने बताया कि घायल सैनिक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार रात यूएवी क्षेत्र के अंदर स्थित एक टावर से टकराकर जमीन पर गिर गया। तकनीकी हवाई अड्डा जम्मू हवाई अड्डे का हिस्सा है, जिसे भारतीय वायु सेना की हेलिकॉप्टर इकाई के संचालन के लिए नामित किया गया है।

# कांग्रेस का सरकार पर एफडीआई को लेकर 'धोखे और धमकी' की नीति का आरोप, भाजपा बोली: विपक्षी दल सच से दूर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में ''गिरावट'' को लेकर शुक्रवार को आरोप लगाया कि सरकार ने अपनी ''भय, धोखा और धमकी'' की नीति के माध्यम से एफडीआई को लगभग समाप्त कर दिया है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस आरोप को गुमराह करने वाला करार दिया और कहा कि मुख्य विपक्षी दल आज के भारत से पूरी तरह कटा हुआ है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि अप्रैल-जनवरी 2024-25 में भारत में कुल एफडीआई घटकर 1.4 अरब डॉलर से भी कम रह गया। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अप्रैल-जनवरी 2012-13 में भारत में कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 19 अरब डॉलर था। अप्रैल-जनवरी 2024-25 में भारत में कुल एफडीआई घटकर 1.4 अरब डॉलर से भी कम रह गया।'' उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने घरेलू निवेश (डीआई) को बर्बाद करने के साथ एक अन्य प्रकार के ''एफडीआई ह्फियर, डिसीट,



इंटिमेडेशन ( भय, धोखा और धमकी) की नीति के ज़रिए एफडीआई को भी लगभग समाप्त कर दिया है।'' रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यह उपलब्धि मोदी सरकार ने तब हासिल की जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी 2025 में पदभार भी नहीं संभाला था। उन्होंने कहा, ''अमेरिका में जो बाइडन के कार्यकाल के दौरान, दुनिया भर की कंपनियाँ चीन को छोड़कर एशियाई देशों में निवेश के लिए उत्सुक थीं। वियतनाम, इंडोनेशिया और बांग्लादेश को अरबों डॉलर का निवेश मिला, जबकि भारत पीछे रह गया।'' भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस नेता पर पलटवार करते कहा, ''जयराम रमेश द्वारा एफडीआई डेटा का चुनिंदा तरीके से उपयोग न केवल भ्रामक है बल्कि आर्थिक विफलता को गढ़ने की कांग्रेस की हताशा को उजागर करता है जहां कोई मौजूद नहीं है।'' मालवीय के अनुसार, रमेश ने उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के निराशाजनक रिकॉर्ड को नजरअंदाज करते हुए एफडीआई में संक्षिप्त गिरावट पर प्रकाश डाला है। उन्होंने दावा किया कि संप्रग-1 में वार्षिक एफडीआई औसतन केवल 18.2 अरब डालर था और संप्रग-2 के दौरान यह अधिकतम 38.4 अरब डॉलर तक पहुंच गया। मालवीय ने कहा कि संप्रग सरकार के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी के रूप में एफडीआई 2.7% से घटकर मात्र 1.7% रह गई थी जो नीतिगत पंगुता, घोटालों और प्रतिकूल व्यापारिक माहौल का प्रत्यक्ष परिणाम था।

## अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध गहराने से सोना 6,250 रुपए उछलकर 96 हजार रुपए के पार

**नई दिल्ली/भाषा।** स्थानीय आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की भारी मांग के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 6,250 रुपए उछलकर 96,450 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका-चीन व्यापार तनाव बढ़ने के बीच मजबूत सुरक्षित निवेश विकल्प के तौर पर मांग बढ़ने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमत अबतक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी। इससे घरेलू कीमतों को बढ़ावा मिला। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 90,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चार दिनों की भारी गिरावट के बाद 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 6,250 रुपए की तेजी आई



और यह 96,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को भी पार कर गया। पिछले दिन यह 89,750 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वैश्विक रुझानों के अनुरूप चांदी की कीमतों में भी 2,300 रुपए का उछाल आया और इसकी कीमत 95,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 93,200 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। महावीर जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को सर्राफा बाजार बंद थे। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 3,237.39 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया। बाद में, यह 3,222.04 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। इसके अलावा, एशियाई बाजार में कॉमेक्स सोना वायदा बढ़कर 3,249.16 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया।





## तमिलनाडु में भाजपा और अन्नाद्रमुक गठबंधन

# अमित शाह बोले - एनडीए को मिलेगी मजबूती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा फेरबदल होते हुए नजर आ रहा है. बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई को पद से हटाए जाने के बाद, राज्य की प्रमुख क्षेत्रीय पार्टी एआईएडीएमके (अन्नाद्रमुक) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में वापसी का ऐलान भी हो गया है केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, आज -अन्नाद्रमुक और भाजपा के नेताओं ने मिलकर तय किया है कि आने वाला तमिलनाडु विस चुनाव -अन्नाद्रमुक, भाजपा और सभी साथी दल मिलकर एनडीए के रूप में एक साथ लड़ेंगे।

तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए एनडीए गठबंधन पर शाह ने कहा, ये चुनाव राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और राज्य स्तर पर -अन्नाद्रमुक नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़े जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, नीट और परिसीमन का मुद्दा ये(विपक्ष) लोग ध्यान भटकाने के लिए खड़ा कर रहे हैं। तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए एनडीए गठबंधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, -अन्नाद्रमुक की कोई शर्त और मांग नहीं है... अन्नाद्रमुक के आंतरिक मामलों में हमारा कोई हस्तक्षेप नहीं होगा... यह गठबंधन बीजेपी और -अन्नाद्रमुक दोनों के लिए फायदेमंद होने वाला है। शाह ने कहा, हम जनता के असली मुद्दों को लेकर जनता के बीच में जाएंगे और मैं मानता हूं कि तमिलनाडु की जनता असली मुद्दों को जानती है और उच्चय से जवाब भी चाहती है।

### शाह ने 'तुगलक' पत्रिका के संपादक गुरुमूर्ति से चेन्नई में मुलाकात की, राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विचारक एवं 'तुगलक' पत्रिका के संपादक एस गुरुमूर्ति के यहां स्थित आवास पर गए और विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की।

शाह मायलापुर में गुरुमूर्ति के आवास पर दोपहर में गए और करीब एक घंटे तक उनके साथ चर्चा की। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह के साथ केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन और पार्टी के प्रदेश प्रमुख के.अन्नामलाई भी थे। हालांकि, केंद्रीय गृह मंत्री को शाम में गुरुमूर्ति से मुलाकात कर अपने चेन्नई दौरे का समापन करना था। लेकिन शाह के कार्यक्रम में अचानक हुए बदलाव से प्रदेश भाजपा के नेता हैरान रह गए। शाह के चेन्नई दौरे से पहले, भाजपा की सहयोगी पीएमके के संस्थापक डॉ. एस. रामदास ने पार्टी (पीएमके) अध्यक्ष के रूप में पार्टी की बागडोर संभालने की घोषणा की और अपने बेटे एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अंबुमणि रामदास को इस क्षेत्रीय दल का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया।

अंबुमणि ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के साथ चुनावी गठबंधन का कथित तौर पर समर्थन किया था, जबकि एस रामदास अन्नाद्रमुक नीत गठबंधन में बने रहना चाहते थे। विपक्षी अन्नाद्रमुक नेतृत्व ने इस बात पर जोर दिया था कि वह इस बारे में जल्दबाजी नहीं करना चाहता और गठबंधन पर उपयुक्त निर्णय की घोषणा बाद में की जाएगी। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा, ''माना जाता है कि गुरुमूर्ति अन्नाद्रमुक के साथ चुनावी गठबंधन के पक्ष में हैं। लेकिन गठबंधन पर फैसला अंततः भाजपा आलाकमान करता है।'' इस बीच, राज्य नेतृत्व में बदलाव की अटकलों के बीच, तिरुनेलवेली से भाजपा विधायक नयनार नागेंद्रन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से पहले टी नगर स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय कमलालयम आए।

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, हालांकि, हम पार्टी के उम्मीदवारों से नामांकन प्राप्त करने की घोषणा करते हैं, लेकिन आमतौर पर केवल पार्टी द्वारा समर्थित लोग ही अपना फॉर्म जमा करते हैं। यह एक ही व्यक्ति होता है।

## केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने तमिलिसाई के पिता के निधन पर शोक जताया



**चेन्नई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को यहां सालिग्रामम में स्थित भाजपा नेता तमिलिसाई सुंदरराजन के आवास पहुंचे और उनके पिता कुमारी अनंतन के निधन पर उन्हें सांत्वना दी।

अनंतन का नौ अप्रैल को निधन हो गया था। शहर के अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद शाह गिंडी में जिस होटल में ठहरे थे, वहां से डॉ तमिलिसाई के घर गए और उन्हें सांत्वना दी।उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे कुमारी अनंतन की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की, जिनका 93 वर्ष की आयु में उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया था। अनंतन जीवन भर कांग्रेसी रहे, लेकिन उनकी बेटी तमिलिसाई छात्र जीवन से ही भाजपा की सदस्य रही हैं। शाह के अचानक वहां पहुंचने पर पूर्व राज्यपाल हैरान रह गईं। वह शाह का स्वागत करने के लिए अपने घर से बाहर निकल आईं। अनंतन को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद, शाह ने तमिलिसाई के परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय बिताया और उन्हें सांत्वना दी। बाद में, पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि गृह मंत्री ने पहले उन्हें फोन कर संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की थी और अब आज व्यक्तिगत रूप से उनके घर पहुंचे।तमिलिसाई ने कहा, मैं अमित शाह जी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने यह जानते हुए भी कि मेरे पिता कांग्रेस पार्टी से थे, मुझसे संपर्क किया और मुझे सांत्वना दी।

## नयनार नागेंद्रन तमिलनाडु भाजपा के नए अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुनेलवेली निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक नयनार नागेंद्रन का अगला पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है क्योंकि इस पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले वह एकमात्र उम्मीदवार हैं। नागेंद्रन को अगर निर्वाचित घोषित किया जाता है तो वह मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई का स्थान लेंगे। अन्नामलाई के बारे में माना जा रहा है कि द्रविड़ राजनीति के गढ़ में उनके उत्कृष्ट काम के लिए उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में कोई भूमिका दी जाएगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के कामकाज की समीक्षा करने और 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले गठबंधन संबंधी मामलों पर चर्चा करने के लिए चेन्नई में हैं। उन्होंने कहा कि अन्नामलाई ने ''सराहनीय उपलब्धियां'' हासिल की हैं।

शाह ने सोशल मीडिया मंच पर कहा, तमिलनाडु भाजपा को प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए केवल नयनार नागेंद्रन का नामांकन प्राप्त हुआ है। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के रूप में के.अन्नामलाई ने सराहनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। चाहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाना हो या पार्टी के कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाना हो, अन्नामलाई जी का योगदान अभूतपूर्व रहा है। उन्होंने कहा, भाजपा अन्नामलाई के संगठनात्मक कौशल का पार्टी के राष्ट्रीय ढांचे में लाभ उठाएगी।

नागेंद्रन वर्तमान में तमिलनाडु भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। इससे पहले वह ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) में थे। वे टी नगर में भाजपा के राज्य मुख्यालय 'कमलालयम' में पहुंचने वाले पहले उम्मीदवार थे और उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

नागेंद्रन के नाम का प्रस्ताव वर्तमान पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई, केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन, पूर्व केंद्रीय मंत्री पोन राधाकृष्णन और भाजपा विधायक एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन ने रखा। उल्लेखनीय है कि नैनार नागेंथिरन का राजनीतिक सफर लंबा और अनुभवों से भरा रहा है। वह 2001 में अन्नाद्रमुक के टिकट पर तिरुनेलवेली सीट से पहली बार विधायक बने थे। जयललिता के नेतृत्व वाली सरकार में उन्होंने परिवहन, उद्योग और बिजली जैसे अहम विभागों की जिम्मेदारी संभाली थी। वह 2011 में भी इसी सीट से जीतकर विधानसभा पहुंचे, लेकिन इस बार उन्हें मंत्री पद नहीं दिया गया। इसके अलावा 2006 और 2016 के विधानसभा चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। जयललिता की मृत्यु के बाद 2017 में नागेंथिरन भाजपा में शामिल हो गए।

नैनार नागेंथिरन ने प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में तेजी से अपनी पकड़ बनाई। साल 2021 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने फिर से तिरुनेलवेली सीट से जीत दर्ज की और उन्हें विधानसभा में भाजपा विधायक दल का नेता नियुक्त किया गया।

इसके अलावा वह 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में भी किस्मत आजमा चुके हैं, हालांकि दोनों ही बार उन्हें जीत हासिल नहीं हो सकी।

## धनशोधन मामला : दिल्ली उच्च न्यायालय ने कार्ति चिदंबरम की याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नईदिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ दो मामलों में आरोप तय करने को टालने का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति रविन्द्र डुडेजा ने मामले में ईडी को नोटिस जारी किया और निचली अदालत से आरोपों पर दलीलें 29 मई तक के लिए स्थगित करने को कहा। शिवगंगा निर्वाचन क्षेत्र के सांसद ने कहा कि जब तक अनुसूचित अपराधों, अर्थात सीबीआई के कथित चीनी वीजा और एयरसेल मैक्सिस मामलों में आरोप तय नहीं हो जाते, तब तक निचली अदालत में संबंधित धनशोधन मामलों में आरोपों पर दलीलें शुरू नहीं होनी चाहिए। अदालत ने 9 अप्रैल को कहा, ''मेरे विचार से, इस मामले पर विचार करने की आवश्यकता है। नोटिस जारी करें.. चार सप्ताह की अवधि के भीतर जवाब दाखिल करें।'' आदेश में कहा, 29 मई 2025 के लिए सूचीबद्ध करें। इस बीच, विद्वान विशेष न्यायाधीश को निर्देश दिया जाता है कि वह आरोपों पर बहस को इस अदालत द्वारा तय की गई तारीख के बाद की तारीख तक के लिए स्थगित कर दें।'' कार्ति ने निचली अदालत के 28 मार्च के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनके खिलाफ आरोपों पर बहस स्थगित करने के अनुरोध वाली उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। यह स्पष्ट करते हुए कि वह धनशोधन संबंधी मामलों में मुकदमे पर कोई स्थगन नहीं मांग रहे हैं और उनका मामला केवल आरोपों के लिए है, उनके वकील ने इस बात पर जोर दिया था कि निचली अदालत को 15 अप्रैल को मामले की सुनवाई करनी है और अगर सुनवाई जारी रहती है तो यह उनके लिए अनुचित होगा। कार्ति की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा पेश हुए।

**प्रशंसा पत्र** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में शुक्रवार को मुख्य सचिवालय में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव डॉ. पी. चंद्र मोहन, ई.ए.पी. वे स्कूलों में छात्रों के सटीक आधार नामांकन में शीर्ष स्थान पर रहने के लिए केंद्र सरकार के भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा दिए गए प्रशंसा पत्र मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को दिखाया और उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री अंबिल महेस पोइयामोझी के साथ, एकीकृत स्कूल शिक्षा कार्यक्रम के निदेशक डॉ. मा. आरती उपस्थित थीं।

### चेन्नई की कंपनी ने तिरुपति मंदिर को 100 साइकिलें दान कीं

**चेन्नई/तिरुपति।** चेन्नई स्थित एक कंपनी ने तिरुमाला तिरुपति को 100 साइकिलें दान में दी हैं। औद्योगिक समूह के प्रतिनिधियों ने विशेष पूजा अर्चना के बाद साइकिलें तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के उप कार्यकारी अधिकारी लोकनाथम को सौंप दी। टीटीडी के ओर से बृहस्पतिवार देर रात जारी एक प्रेस



विज्ञप्ति में बताया गया कि चेन्नई स्थित मुरुरप्पा ग्रुप की एक कंपनी 'टीआई भारतीय साइकिल्स' ने टीटीडी को 100 साइकिलें दान में दी हैं। टीटीडी भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का अधिकारिक संरक्षक निकाय है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया यह दान श्रीवारी (भगवान वेंकटेश्वर स्वामी) मंदिर के सामने दिया गया।

## मासिक धर्म के कारण आठवीं की छात्रा को क्लास से बाहर परीक्षा देने के लिए मजबूर किया गया, जांच के आदेश

**कोयम्बटूर।** कोयंबटूर जिले के एक निजी स्कूल में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। आठवीं की एक छात्रा को उसके मासिक धर्म के कारण कथित तौर पर कक्षा से बाहर बैठकर परीक्षा देने के लिए मजबूर किया गया। यह घटना पोलाची के पास सेनगुट्टईपलायम में स्थित एक स्कूल में हुई। लड़की की मां द्वारा रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो में दिखाया गया कि छात्रा परीक्षा देने के लिए कक्षा के बाहर सीढ़ियों पर बैठी थी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद अधिकारियों ने जांच शुरू की। सूत्रों के अनुसार, छात्रा की इस सप्ताह दो परीक्षाएं थीं। उसके माता-पिता ने परीक्षा के दौरान उसकी मासिक धर्म की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उसे आराम देने के लिए अलग डेस्क की मांग की थी।

इसके बावजूद, सोमवार को लड़की को कक्षा के बाहर फर्श पर बैठने के लिए मजबूर किया गया। बुधवार को जब लड़की दूसरी परीक्षा के लिए स्कूल आई, तो उसके माता-पिता ने उसे फिर से कक्षा के बाहर बैठा पाया। मां द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में छात्रा यह कहती हुई सुनाई दे रही है कि स्कूल के प्रिंसिपल ने उसे वहां बैठने का निर्देश दिया था। मैट्रिकुलेशन स्कूलों के निदेशक ए. पलानीसामी ने पुष्टि की कि मुख्य शैक्षिक अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा, स्कूल प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगा गया है और रिपोर्ट मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। सहायक पुलिस अधीक्षक सृष्टि सिंह ने गुरुवार को जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि छात्रा की मां ने 6 अप्रैल की शाम को कक्षा शिक्षक से संपर्क कर विशेष सीट की व्यवस्था का अनुरोध किया था, लेकिन उन्हें प्रिंसिपल से बात करने के लिए कहा गया। अगले दिन 7 अप्रैल को अपनी बेटी को स्कूल छोड़ते समय मां ने प्रिंसिपल से मुलाकात की और संक्रमण के खतरे को रोकने के लिए अलग बैठने की व्यवस्था का अनुरोध किया। मां के चले जाने के बाद छात्रा को कक्षा के बाहर बैठा दिया गया। उस शाम लड़की ने कठोर सतह पर बैठने से पैर में दर्द की शिकायत की।

# शैववाद-वैष्णववाद पर टिप्पणी के बाद द्रमुक मंत्री को पार्टी के अहम पद से हटाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता और तमिलनाडु के मंत्री के. पोनमुडी को शुक्रवार को शैववाद और वैष्णववाद को लेकर की गई उनकी टिप्पणियों के कारण उठे विवाद के बाद पार्टी के अहम पद से हटा दिया गया। इस टिप्पणी की द्रमुक सांसद कनिमोझी सहित कई लोगों ने आलोचना की थी।

द्रमुक अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने घोषणा की कि पोनमुडी को पार्टी के उपमहासचिव पद से मुक्त किया जा रहा है। स्टालिन ने एक बयान में यह घोषणा की, लेकिन उन्होंने इस कार्रवाई के लिए कोई कारण नहीं बताया।

उन्होंने पोनमुडी की जगह राज्यसभा सदस्य तिरुचि शिवा को नियुक्त किया है। यह कदम मंत्री की स्पष्ट रूप से विवाद पैदा करने वाली टिप्पणियों के तुरंत बाद उठाया गया। विपक्षी भाजपा ने पोनमुडी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की है। मंत्री द्वारा देह व्यापार के संदर्भ में कथित टिप्पणी किए जाने का वीडियो वायरल हो गया। घटनाक्रम पर राज्य के वन मंत्री पोनमुडी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

भाजपा की तमिलनाडु इकाई के उपाध्यक्ष नारायणन तिरुपति ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''मंत्री पोनमुडी का अपने पद पर बने रहना शर्मनाक है....मुख्यमंत्री स्टालिन, क्या



आप पोनमुडी की गिरफ्तारी का आदेश देंगे?'' भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी टिप्पणियों से तमिलनाडु की महिलाओं को बदनाम किया है।

कनिमोझी ने भी अपनी पार्टी के सदस्य पर निशाना साधा। कनिमोझी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मंत्री पोनमुडी का हालिया भाषण स्वीकार्य नहीं है। चाहे जिस कारण से उन्होंने बोला हो, लेकिन ऐसे अश्लील शब्द निंदनीय हैं।'' तिरुपति ने कनिमोझी द्वारा पोनमुडी की आलोचना किए जाने का स्वागत किया।

विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने कहा, ''तमिलनाडु में राजनीतिक विमर्श का यही द्रमुक का मानक है।'' उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''थिरु पोनमुडी कभी तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री थे और अब वन एवं खादी मंत्री हैं, तथा तमिलनाडु के युवाओं से इस गंदगी को बर्दाश्त करने की उम्मीद की जाती है? सिर्फ यह मंत्री ही नहीं, द्रमुक का पूरा पारिस्थितिकी तंत्र अश्लील, अपशब्द बोलने वाला और असभ्य है...।''

अन्नामलाई ने कहा कि आज उन्हें पार्टी के पद से हटाकर अगर द्रमुक सोचती है कि लोग इसे नजरअंदाज कर देंगे, तो वे दुखद रूप से गलत हैं। उन्होंने कहा, ''हिंदू धर्म के स्तंभों पर द्रमुक के लगातार हमले हमेशा के लिए अनुत्तरित नहीं रहेंगे। थिरु और एमके स्टालिन, हमारी चुप्पी को कमज़ोरी मत समझिए।'' पोनमुडी ने पहले उत्तर भारतीयों को 'पानी पूरी' बेचने से जोड़कर विवाद खड़ा किया था।

उन्होंने कहा था कि जो लोग कहते हैं कि हिंदी सीखने वालों के लिए नौकरियां उपलब्ध होंगी वे बताएं कि शहर (कोयंबटूर) में अभी 'पानी पूरी' कौन बेच रहा है? उनके इस कटाक्ष को इस व्यवसाय में शामिल मुख्य रूप से हिंदी भाषी विक्रेताओं के स्पष्ट संदर्भ में देखा गया था।


**राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला**
**भारत सरकार**
जेएलएन स्टेडियम परिसर, पूर्वी गेट नंबर 10, नई दिल्ली - 110003

विज्ञापन संख्या 01/2025

दिनांक : 12/04/2025

विषय : राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला, नई दिल्ली में सीधी भर्ती के माध्यम से तकनीकी सहायक के पदों को भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल), भारत सरकार, नई दिल्ली तकनीकी सहायक के पदों को भरने के लिए आवश्यक योग्यता और प्रासंगिक कार्य अनुभव रखने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करती है।

| पद का नाम | पदों की संख्या | वर्ग | वेतन मैट्रिक्स स्तर (7वें सीपीसी के अनुसार) | भर्ती की विधि |
|---|---|---|---|---|
| तकनीकी सहायक | 09 (नौ) एससी - 01 ओबीसी (एनसी) - 02 ईडब्ल्यूएस - 01 यूआर - 05 | ग्रुप-बी | पीएमएल - 6 (रु. 35400 - 112400/-) | सीधी भर्ती द्वारा |

2. पदों के आरक्षण, आवेदन भरने के तरीके, शुल्क और अन्य मानदंडों के बारे में विस्तृत विज्ञापन के लिए, आप एनडीटीएल की वेबसाइट www.ndtlindia.com के साथ-साथ राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर जा सकते हैं।

3. ऑनलाइन आवेदन की अंतिम / समापन तिथि समाचार पत्रों में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन होगी।

ह/-
एनडीटीएल

CBC 47113/12/0001/2526

# माफी कभी नहीं मांगूंगा, न ही कभी मांगी है : आहूजा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। राजस्थान में अलवर के 'अपना घर शालीमार' में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में कांग्रेस नेताओं के प्रवेश के बाद गंगाजल से छिड़काव करने के मामले में विवादों में आये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ज्ञान देव आहूजा ने पार्टी द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण के जवाब में कहा है, ज्ञान देव आहूजा कभी माफी नहीं मांगेगा और न कभी मांगी है। आहूजा ने शुक्रवार को यहां कहा कि वह अपनी बात पर अडिग हैं। उन्होंने कहा, मैंने कभी भी दलितों का विरोध नहीं किया। मैं दलितों का समर्थक हूं। मेरे विधानसभा क्षेत्र में जाकर देखिए मैंने दलितों की कितनी सेवा की है।

उन्होंने कहा कि दलितों की लड़कियों के मामले में भी वह पूरी तरीके से सक्रिय रहे और उनकी बरामदगी कराई। उन्होंने कहा, मेरा कांग्रेस को लेकर विवाद था क्योंकि कांग्रेस ने राम जन्म सेतु और राम जन्म भूमि को लेकर सवाल किए थे, इसलिए मैंने यह बात कही थी और मैंने दलित के नाम पर किसी नेता का नाम नहीं लिया और न दलित की बात की। आहूजा ने कहा कि अगर टीकाराम जूली अपने आप को दलित नेता ही मानते हैं तो फिर यह क्यों कहते हैं कि 36 बिरादरी का उन्हें समर्थन प्राप्त है।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में भाजपा और कांग्रेस के नेताओं को बुलाया गया। मेरा विरोध सिर्फ कांग्रेस नेताओं से था। किसी दलित से नहीं था। उन्होंने कहा कि पार्टी को स्पष्टीकरण देने से पहले मुझे अपनी बात रखने का अवसर देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि मैंने जो जवाब दिया है उसका अब मैं अभी खुलासा नहीं कर रहा हूं, लेकिन इतना जरूर कह रहा हूं, ज्ञान देव आहूजा ने न कभी माफी मांगी है, न मांगेगा।

# ग्रामीणों की नींद उड़ाने वाला तेंदुआ हुआ पिंजरे में कैद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। राजस्थान में उदयपुर जिले के मावली थाना क्षेत्र में गंदोली गांव में पिछले तीन दिनों से ग्रामीणों की नींद उडाने वाला तेंदुआ शुक्रवार सुबह पिंजरे में कैद हो गया। मावली ब्लॉक के गंदोली गांव और आसपास के इलाके में बीते तीन दिनों से तेंदुए की मौजूदगी ने लोगों में भय पैदा कर दिया था। ग्रामीण हर पल इस डर में जी रहे थे कि कहीं तेंदुआ घरों में न घुस जाए। वन विभाग ने गांव वालों की मांग पर पिंजरा लगाया, लेकिन तेंदुआ बेहद चालाकी से हर बार उसे चकमा देता रहा। तीन दिन की मशक्कत के बाद शुक्रवार सुबह आखिरकार तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया।

यह खबर फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। उदयपुर से करीब 35 किलोमीटर दूर विजनवास-गंदोली मार्ग पर यह पिंजरा लगाया गया था।

गुरुवार शाम को इसे स्कूल के पीछे एक खदान के पास शिफ्ट किया गया, जहां आज सुबह तेंदुए के फंसने की सूचना मिली। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को हटाया और पिंजरे को सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क, उदयपुर भेज दिया।



# दुबई से लौटे लॉरेंस-गोदारा गैंग के मददगार इलियास खान को एजीटीएफ ने किया गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने लॉरेंस विश्नोई और रोहित गोदारा गैंग से जुड़े एक महत्वपूर्ण आरोपी इलियास खान को गिरफ्तार किया है। आरोपी दुबई में रहकर लंबे समय से गैंग के लिए शरण, आर्थिक मदद और सूचनाएं उपलब्ध करवा रहा था। अपराध शाखा व एजीटीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एम.एन. के निर्देशन में चल रही संगठित अपराध के विरुद्ध कार्रवाई के तहत यह गिरफ्तारी की गई। डीआईजी योगेश यादव के सुपरविजन और एएसपी सिद्धांत शर्मा के नेतृत्व में टीम ने सीकर जिले के रामगढ़ सेठान क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी को पकड़ा।

30 वर्षीय इलियास खान निवासी वार्ड नंबर 36, थाना रामगढ़ (सीकर) है, जो लंबे समय से दुबई में रह रहा था। वह दुबई पुलिस के स्टोर डिपार्टमेंट में कार्यरत था और अपने पुलिस कार्ड का दुरुपयोग कर गैंग के सदस्यों को वहां रहने में मदद करता था। दुबई में खऊ कार्ड के दुरुपयोग के मामले में वह पहले भी गिरफ्तार हो चुका है और जेल में रह चुका है। जांच में सामने आया कि इलियास ने दुबई में रोहित गोदारा, वीरेंद्र चारण, महेन्द्र सारण सहित कई गैंगस्टरों को पनाह दी थी। वह हवाला के जरिए आर्थिक मदद करता था और गैंग के सदस्यों को भारत से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं देता था, जैसे ठउछ (रेड कॉर्नर नोटिस) जारी हुआ है या नहीं।

रामगढ़ निवासी आरोपी पर दहेज के एक मामले में भी कार्रवाई हो चुकी है। उसने दो शादियां की हैं और वर्तमान में उससे ड्खढ द्वारा गहन पूछताछ की जा रही है।

# वसुंधरा को सिर्फ झालावाड़ जल संकट के बजाय पूरे 'पीसीके-ईआरसीपी' परियोजना पर बात करनी चाहिए : गहलोत

जयपुर। झालावाड़ में पेयजल संकट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि राजे को सिर्फ झालावाड़ की बात नहीं करनी चाहिए उन्हें पार्बती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी)-ईआरसीपी लिंक परियोजना के समझौते के बारे में बात करनी चाहिए। राजे ने मंगलवार को झालावाड़ में पानी की व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा था, अधिकारी सो रहे हैं, लोग रो रहे हैं, मैं ऐसा नहीं होने दूंगी। इसके बाद विपक्षी कांग्रेस ने भजनलाल सरकार को घेरना शुरू कर दिया। उनके बयान के बारे में पूछे जाने पर गहलोत ने शुक्रवार को जयपुर में संवाददाताओं से कहा कि वसुंधरा राजे को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा हस्ताक्षरित 'पीसीके-ईआरसीपी' समझौते के बारे में बात करनी चाहिए।





# राजस्थान को बनाएंगे कृषक-कल्याणकारी राज्य : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महान शिक्षाविद समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने नारी शिक्षा, किसानों के अधिकार और सामाजिक न्याय के लिए अलख जगाई। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले जी के दिखाए रास्ते पर चलते हुए राज्य सरकार राजस्थान को कृषक-कल्याणकारी राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्पित है।

इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती के अवसर पर सहकार मार्ग स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पहुंचे। यहां उन्होंने महात्मा फुले की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक गोपाल शर्मा भी उपस्थित रहे।

शर्मा शुक्रवार को मुहाना मंडी परिसर में ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह केवल एक जयंती समारोह नहीं बल्कि उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ज्योतिबा फुले जी ने भारतीय समाज को एक नई दिशा दी, अंधेरे में प्रकाश का दीप जलाया और उत्पीड़ित वर्गों को सम्मान व समानता का अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी सोच केवल एक समय की नहीं थी, बल्कि वह विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा से ही अज्ञानता के अंधेरे को मिटाया जा सकता है और समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। ज्योतिबा ने शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाते हुए अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले जी के साथ मिलकर पुणे में लड़कियों के लिए पहला स्कूल शुरू किया। सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका के रूप में इतिहास में दर्ज हुईं। शर्मा ने कहा कि उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना कर समाज में फैली जातिगत असमानता को दूर करने, सत्य की खोज और मानवता की सेवा का संदेश दिया।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को आधार मानकर चार जातियां- गरीब, युवा, महिला और किसानों का उत्थान सुनिश्चित कर रही है। राज्य सरकार ने इसी बजट में 5 हजार गांवों को बीपीएल मुक्त करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में पारदर्शिता तथा पेपरलीक के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई से युवाओं को राहत दी गई है। हम किसानों को पानी, ऋण वितरण तथा उन्नत तकनीकों के माध्यम से सशक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार ने जो भी वादे किए हैं हम उनको पूरा करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्योतिबा फुले के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राज्य सरकार ने फल-सब्जी व्यापारियों और बागवानी करने वाले किसानों के उत्थान के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं जिनका लाभ आने वाले वर्षों तक प्रदेश को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में नई कृषि मंडियों की स्थापना से किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने और स्थानीय स्तर पर विपणन की सुविधा देने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही, जयपुर के जमवारामगढ़ में फूल मंडी, जहाजपुर और शाहपुरा नगर पालिका में फल एवं सब्जी मंडी सहित राज्यभर में विभिन्न मंडियों का निर्माण, प्याज भंडारण संरचना निर्माण हेतु 2,500 किसानों को 22 करोड़ रुपये की सब्सिडी, 3 हजार प्याज भंडारगृहों के निर्माण हेतु 26 करोड़ रुपये का अनुदान सहित विभिन्न कार्य राज्य सरकार द्वारा कराए जा रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल मंडियों तक सीमित नहीं है, बल्कि हम किसानों को तकनीकी रूप से भी सशक्त बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की क्षमता वृद्धि और ज्ञानवर्धन के लिए नॉलेज प्रोग्राम के तहत प्रथम चरण में 100 प्रगतिशील युवा किसानों को इजरायल सहित अन्य देशों में और 5 हजार युवाओं को भारत के विभिन्न राज्यों में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 एग्रो क्लाइमेटिक जोन में 2-2 क्लस्टर विकसित करना, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की संख्या को बढ़ाकर 18 करने जैसे कार्यों से राज्य सरकार किसानों को कौशल प्रशिक्षण देकर तकनीकी रूप से उन्नत कर रही है।



# भजनलाल ने यज्ञ में आहुति देकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को यहां चिंताहरण काले हनुमानजी मंदिर में एकादश कुंडात्मक सात दिवसीय हनुमत महायज्ञ में आहुति दी तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। न्यू सांगानेर रोड स्थित इस मंदिर में आयोजित यज्ञ में शामिल होकर शर्मा ने कहा कि हमारा देश हमेशा से ऋषि-मुनियों का ऋणी रहा है। ऋषि-मुनियों ने हमारी संस्कृति और परम्परा की रक्षा का काम किया है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी आने वाली पीढ़ी को भी सांस्कृतिक कार्यों को करने की प्रेरणा मिलती है तथा परम्पराएं समृद्ध होती हैं। इस दौरान महामण्डलेश्वर मनोहर दास महाराज, त्रिवेणी धाम के राम रिछपाल दास महाराज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



# प्रदेश के सड़क तंत्र के लिए 7 हजार 690 करोड़ रूपये का बजट आवंटित : पटेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को जोधपुर की ग्राम पंचायत नंदवान (लूणी) में 86 लाख रूपये की लागत से नंदवान से चावड़ों की ढाणी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार सड़क तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार ने बजट में सड़क तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन के लिए 7 हजार 690 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। पटेल ने कहा प्राथमिकता के आधार पर क्रमिक रूप से क्षेत्र की सभी सड़कों का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा नंदवान से चावड़ों की ढाणी तक 5.15 किमी सड़क का निर्माण तय समयावधि में पूर्ण कर लोकार्पण किया जाएगा।

पटेल ने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अथक प्रयासों के बदौलत जल जीवन मिशन की समयावधि वर्ष 2028 बढ़ाई गई है, जिससे प्रदेश में हर घर तक नल से जल पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा के अनुरूप इस वर्ष में 20 लाख घरों में पेयजल कनेक्शन दिए जाएंगे।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा बजट घोषणा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा के लिए 425 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) के तहत चरणबद्ध रूप से 5 हजार 830 करोड़ रुपये के कार्य करवाए जाएंगे। पटेल ने कहा प्रदेश में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखकर इस वर्ष 2 हजार 500 हैंडपम्प लगाए जाएंगे और पेयजल सम्बन्धी समस्या का तत्काल निराकरण के लिए प्रत्येक जिला कलक्टर को समर कंटिंजेंसी के अन्तर्गत एक करोड़ रुपये का अनटाइड फंड भी उपलब्ध करवाया गया है। पटेल ने कहा क्षेत्र में समुचित जलापूर्ति सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आमजन से आह्वान करते हुए कहा जल संसाधन सीमित है।



# 'विकसित भारत और विकसित राजस्थान' की दिशा में सभी को मिलकर सार्थक प्रयास करने होंगे : खर्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज़ादी की 100वीं वर्षगांठ पर विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए सभी लोगों का सहयोग आवश्यक है। 'विकसित भारत और विकसित राजस्थान' की दिशा में सभी को मिलकर सार्थक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के संकल्प के साथ राज्य सरकार शहरी व ग्रामीण विकास, सड़क, शिक्षा व चिकित्सा, पेयजल बिजली के क्षेत्र में विकास कार्यों के नये आयाम स्थापित कर रही है। पेपर लीक पर लगाम लगने से युवाओं के परिवारों में खुशियां आई है।

खर्रा शुक्रवार को टोंक जिले की नगर पालिका निवाई में श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन प्रथम व द्वितीय के भव्य लोकार्पण समारोह में संबोधित कर रहे थे। नगरीय विकास मंत्री ने कहा कि निश्चित रूप से निवाई नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जनभावनाओं के अनुरूप कार्य किया है। इसका लाभ यहां के लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका निवाई द्वारा जो भी कार्य विभाग स्तर पर अप्रूवल के लिए भेजे गए हैं, उन्हें भी शीघ्र ही स्वीकृति देकर विकास कार्य शुरू कराएं जाएंगे। खर्रा ने कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही साल में राइजिंग राजस्थान के माध्यम से उद्यमियों के साथ 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू कर निवेश की आधारशीला रखी है। इनमें से 3 लाख करोड़ रुपये के निवेश पर कार्य शुरू हो गया है। राजस्थान की आर्थिक प्रगति में यह निवेश मील का पत्थर साबित होंगे।

समारोह में मौजूद जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास में कोई कमी नहीं रखेगी। राज्य सरकार ने जनहित की घोषणाओं को धरातल पर उतारकर लोगों को राहत प्रदान की है। चौधरी ने कहा कि जल जीवन मिशन के कामों को शीघ्र पूरा करने के लिए विभाग द्वारा निरंतर हर जिले की प्रगति की मॉनिटरिंग की जा रही है। भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उपखंड निवाई के ग्रामीण क्षेत्र के 88 गांवों में जल जीवन मिशन के काम के लिए 170 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए है। इसी माह में वर्क ऑर्डर देकर कार्य शुरू हो जाएंगे। साथ ही, पेयजल कार्यों के लिए शहरी क्षेत्र में 54 करोड़ रुपये एवं वनस्थली में 8 करोड़ रुपये के कामों की स्वीकृति दे दी गई है। चौधरी ने सामुदायिक भवन के निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे कम आय वर्ग वाले लोगों को अपने सामाजिक कार्यों को करने में सुगमता होगी तथा आर्थिक भार भी ज्यादा नहीं आएगा।

# सरकार 'विकास के साथ विरासत के संरक्षण' को केंद्र में रखकर कर रही काम : रावत

जयपुर/दक्षिण भारत। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने शुक्रवार को रामगढ़ बांध के विभिन्न मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह भी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के तहत 252.93 लाख रुपये के इन कार्यों को आगामी 12 माह मे पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। इस दौरान रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप प्रदेश सरकार 'विकास के साथ विरासत के संरक्षण' को केंद्र मे रखकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में आज ऐतिहासिक रामगढ़ बांध को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की महत्वाकांक्षी रामजल सेतु लिंक परियोजना से रामगढ़ बांध में पानी लाया जाएगा, जिसके लिए बांध की मरम्मत व विभिन्न निर्माण कार्य पहले ही करवाए जा रहे हैं।

जल संसाधन मंत्री ने विभाग के अधिकारियों को इन कार्यों को निर्धारित समय सीमा मे एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से पूरे करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार रामगढ़ बांध को पुनर्जीवित करने में कोई कसर



नहीं छोड़ेगी तथा इस विरासत की उपयोगिता एवं महत्व को देखते हुये सतत निगरानी के साथ इसका संरक्षण भी करेगी।

रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा के कुशल नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने कुछ ही समय में रामजल सेतु लिंक परियोजना को धरातल पर उतार दिया है। परियोजना के प्रथम चरण के टेंडर किए जा चुके है एवं द्वितीय चरण के प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध रूप से इस परियोजना को पूरा किया जाएगा।

इससे पूर्व जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्थान लंबे अरसे से पानी की समुचित आपूर्ति के लिए संघर्ष कर रहा है।



# नड्डा ने ओडिशा में आयुष्मान भारत योजना की औपचारिक शुरुआत की, बंगाल को बताया अगला लक्ष्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कटक/भाषा।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने शुक्रवार को ओडिशा में आयुष्मान भारत योजना की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना जल्द ही पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में लागू होगी। पश्चिम बंगाल एकमात्र राज्य है, जहां पर केंद्र की यह योजना प्रभावी नहीं है।

भाजपा के ओडिशा की सत्ता में आने के 10 महीने बाद राज्य में आयुष्मान भारत योजना लागू की गई है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस शासित पश्चिम बंगाल में यह योजना अब तक लागू नहीं की गई है, जहां पर 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। नड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार ने ओडिशा के लोगों से किए गए अपने वादों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार आयुष्मान भारत योजना को लागू करने की केंद्र की अपील लगातार खारिज कर रही है। उन्होंने कहा, ''ओडिशा, दिल्ली और पश्चिम बंगाल तीन राज्य ऐसे थे, जहां आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं की गई थी। हालांकि, इन राज्यों में सरकार बदलने के बाद ओडिशा और दिल्ली में यह योजना लागू हो गई। बंगाल के लोगों को भी यह सुविधा मिलेगी और भाजपा भारत के सभी नागरिकों को यह स्वास्थ्य योजना प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।'' नड्डा ने दावा किया कि जिन राज्य सरकारों ने नरेन्द्र मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधाएं डालीं, उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ी है। उन्होंने कहा, ''लोगों ने ओडिशा और दिल्ली की सरकारों को खारिज कर दिया है।'' भाजपा ने फरवरी में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) को दो-तिहाई बहुमत से हराकर 26 साल से अधिक समय के बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की थी। नड्डा ने याद दिलाया कि कैसे उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में ओडिशा और दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्रियों, क्रमश: नवीन पटनायक और अरविंद केजरीवाल से आयुष्मान भारत योजना लागू करने की अपील की थी, लेकिन उन दोनों ने इसे खारिज कर दिया था।

# 'परिवार का साथ, परिवार का विकास' : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी दलों पर कटाक्ष किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वाराणसी/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता के लिए लालायित लोग केवल अपने परिवार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि उनकी सरकार समावेशी विकास के विषय पर काम करती है।

अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 3,880 करोड़ रुपए की लागत की 44 परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''राष्ट्र की सेवा में हमारा मार्गदर्शक मंत्र हमेशा 'सबका साथ, सबका विकास' रहा है। इसी भावना के साथ हम हर नागरिक के कल्याण के लिए आगे बढ़ते रहेंगे।'' उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, जो लोग सत्ता के भूखे हैं, वे दिन-रात राजनीतिक खेल खेलते हैं और वे लोग परिवार-केंद्रित विकास पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं।

प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र में कहा, ''सत्ता पाने के लिए खेल खेलने वाले लोग केवल अपने परिवार की उन्नति में रुचि रखते हैं। उनका सिद्धांत 'परिवार का साथ, परिवार का विकास' है।'' भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने बताया कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी का यह 50 वां काशी दौरा है।

मोदी ने भोजपुरी में लोगों का अभिवादन करके अपने भाषण की शुरुआत की और दलित सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी तथा सामाजिक समानता और महिला सशक्तिकरण में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा, ''आज सामाजिक चेतना के प्रतीक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी है। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले जी ने जीवन भर नारीशक्ति के हित, उनके आत्मविश्वास और समाज कल्याण के लिए काम किया।'' मोदी ने कहा कि आज हम उनके विचारों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि उनकी सरकार सर्वांगीण विकास पर ध्यान केन्द्रित करती है। उन्होंने कहा, ''महात्मा ज्योतिबा फुले जी जैसे त्यागी, तपस्वी, महापुरुषों की प्रेरणा से ही देशसेवा का हमारा मंत्र 'सबका साथ-सबका विकास' है। हम देश के लिए उस विचार को लेकर चलते हैं, जिसका समर्पित भाव है, सबका साथ-सबका विकास।'' अपने निर्वाचन क्षेत्र में हुए विकास के बारे विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि पहले पूर्वांचल में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव था, लेकिन आज काशी स्वास्थ्य की राजधानी बन रही है। उन्होंने कहा, ''10-11 साल पहले, पूरे पूर्वांचल में इलाज को लेकर जो परेशानियां थीं, वे भी हम सब जानते हैं। आज स्थितियां बिल्कुल अलग हैं।

# काशी का कलेवर बदला, नई काशी देखने के लिए हर श्रद्धालु उतावला : आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वाराणसी/भाषा।** महाकुंभ के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहली बार शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र काशी पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि विगत 11 वर्षों में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हुए विकास से काशी का कलेवर बदल गया है और अब नई काशी और उसके नए कलेवर को देखने के लिए पूरे देश के श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा,''हर किसी ने पिछले 11 वर्ष में बदलती हुई काशी को देखा है। यह वही काशी है, जो संकरी गलियों के लिए जानी जाती थी, अपने जाम के लिए जानी जाती थी। काशी शिक्षा का प्राचीन केंद्र रही है, लेकिन अस्त-व्यस्त पड़े शिक्षा के केंद्रों के साथ ही स्वास्थ्य के लिए, पर्यटन के लिए, कनेक्टिविटी के लिए पिछले 11 वर्षों में यहां 50,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं आई हैं।'' उन्होंने कहा कि आज भी प्रधानमंत्री के कर कमलों से काशी में लगभग 4000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राधा-कृष्ण की लीलाओं से आच्छादित अंगवस्त्र पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट करके उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री को स्मृति चिह्न के रूप में वाराणसी की 'जीआई टैग' प्राप्त काष्ठकला के तहत निर्मित कमल छत्र भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा,''हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय के साथ ही दिव्य और भव्य महाकुंभ के आयोजन के उपरांत प्रधानमंत्री की यह पहली काशी यात्रा है।'' उन्होंने कहा,''दिव्य और भव्य महाकुंभ के इस आयोजन में काशी भी इसका साक्षी बना। देश और दुनिया से आने वाला हर श्रद्धालु पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस नई काशी और बाबा विश्वनाथ की पावन धरा को नए कलेवर के रूप में देखने को उतावला दिखाई दे रहा था।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि 45 दिनों के इस आयोजन के अवसर पर काशी में भी एक महा समागम दिखाई दे रहा था और इस दौरान तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने यहां स्थित बाबा विश्वनाथ के पावन धाम के दर्शन किये। आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ की सफलता, उसकी भव्यता और उसकी दिव्यता प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में एक नई ऊंचाई को छूती हुई दिखाई दी। उन्होंने का कि नमामि गंगे परियोजना के बाद हर श्रद्धालु जिसने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी में डुबकी लगाई उसने अपने आप को अभिभूत होता हुआ पाया।

उन्होंने कहा कि नमामि गंगे परियोजना की सफलता के कारण महाकुंभ भी आज सफल हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी और उत्तर प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री जी के प्रयास सार्थक साबित हुए हैं।

# भारतीय ईवीएम को हैक नहीं किया जा सकता: निर्वाचन आयोग के सूत्र



**नई दिल्ली/भाषा।** निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने शुक्रवार को इन शंकाओं को खारिज किया कि देश में इस्तेमाल की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को हैक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ये मशीन साधारण कैलकुलेटर की तरह काम करती हैं, जो इंटरनेट या 'इन्फ्रारेड' से नहीं जुड़ी होतीं। अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की कथित टिप्पणी का हवाला देते हुए कि उनके कार्यालय ने मतों में हेराफेरी करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली की हैकिंग के सबूत प्राप्त किए हैं, सूत्रों ने कहा कि कुछ देश ''इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम'' का उपयोग करते हैं जो इंटरनेट समेत विभिन्न निजी नेटवर्क प्रणालियों, मशीनों और प्रक्रियाओं का मिश्रण है। सूत्रों ने इस बात पर जोर दिया कि भारत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का इस्तेमाल करता है जो ''सरल, सही और सटीक कैलकुलेटर'' की तरह काम करती हैं और इन्हें इंटरनेट, वाईफाई या इन्फ्रारेड से नहीं जोड़ा जा सकता।

# विभाजनकारी मुद्दे उठाकर जनता का ध्यान भटका रही भाजपा: अखिलेश यादव



**अलीगढ़ (उप्र)/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी जानबूझकर विभाजनकारी मुद्दों को उठाकर जनता का ध्यान बढ़ती बेरोजगारी, आर्थिक संकट और उत्तर प्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था जैसे वास्तविक मुद्दों से भटका रही है। अलीगढ़ में रामघाट रोड पर एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए सपा प्रमुख ने संवाददाताओं से कहा, जब भी भाजपा को वास्तविक मुद्दों पर बढ़ते जन आक्रोश का सामना करना पड़ता है तो वह ध्यान भटकाने के लिए अनावश्यक विवाद पैदा करती है। भाजपा सरकार के पास केवल नफरत की राजनीति और विभाजनकारी एजेंडे हैं। यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने लगातार झूठे आंकड़े देकर उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था की भ्रामक तस्वीर पेश की है, लेकिन जमीनी हकीकत अब सभी के सामने है। उन्होंने कहा, जब भी विपक्षी नेता आवाज उठाते हैं, तो उन्हें फर्जी और मनगढ़ंत मामलों के जरिए चुप करा दिया जाता है। आज मुद्दों का फैसला योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि संकीर्ण राजनीतिक विचारों के आधार पर किया जा रहा है। भारत का संविधान गंभीर खतरे में है।

# न्यायालय ने केंद्र, बिहार सरकार से पूछा : गंगा के किनारे अतिक्रमण हटाने के लिए क्या कदम उठाए गए?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में गंगा किनारे अवैध निर्माण को लेकर चिंता जताते हुए केंद्र और राज्य सरकार को अवैध निर्माण हटाने के लिए उठाये गये कदमों के बारे में वस्तु-स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने जानना चाहा आज की तारीख में मौजूदा अतिक्रमणों की संख्या कितनी है। पीठ ने यह भी बताने का निर्देश दिया कि अधिकारी इन अतिक्रमणों को कब तक और किस तरह हटाएंगे। पीठ ने कहा, ''हम जानना चाहेंगे कि गंगा नदी के किनारे ऐसे सभी अतिक्रमणों को हटाने के लिए अधिकारियों ने क्या कदम उठाए हैं।'' दो अप्रैल के आदेश में कहा गया, ''हम बिहार सरकार और भारत सरकार दोनों को उचित रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हैं ताकि हम मामले में आगे बढ़ सकें।'' पीठ राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के 30 जून, 2020 के आदेश के खिलाफ पटना निवासी अशोक कुमार सिन्हा की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील डूब क्षेत्रों में अवैध निर्माण और स्थायी अतिक्रमण के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। उनके वकील आकाश वशिष्ठ ने कहा कि गंगा के आसपास के डूब क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध तथा अनधिकृत निर्माण और अतिक्रमण किए जा रहे हैं, जिनमें आवासीय बस्तियां, ईंट भट्टे और अन्य धार्मिक संरचनाएं शामिल हैं। नदी के किनारों पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

# बिहार में बिजली गिरने और ओलावृष्टि से मरने वालों की संख्या 61 हुई

**पटना/भाषा।** बिहार में बिजली गिरने और ओलावृष्टि से 36 और लोगों की मौत होने के बाद इस तरह की घटनाओं में मरने वालों की संख्या 61 हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

ओलावृष्टि और बारिश से जुड़ी घटनाओं में 39 लोगों की मौत हुई, जबकि बृहस्पतिवार को आकाशीय बिजली गिरने से 22 लोगों की मौत हुई। बृहस्पतिवार शाम को 25 लोगों की मौत हुई और विभिन्न जिलों से मिले आंकड़ों के अनुसार मृतकों की संख्या 61 हो गई। प्रदेश में इन घटनाओं में सबसे अधिक 23 लोगों की मौत नालंदा जिले में हुई। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बयान में कहा गया, ''बिहार के कई जिलों में बिजली गिरने, ओलावृष्टि और बारिश से संबंधित घटनाओं के कारण मरने वालों की संख्या 61 हो गई। इसके बाद भोजपुर (छह), सीवान, गया, पटना और शेखपुरा (चार-चार), जमुई (तीन) और जहानाबाद (दो) हैं। गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, अरवल, दरभंगा, बेगूसराय, सहरसा, कटिहार, लखीसराय, नवादा और भागलपुर जिलों में एक-एक मौत हुई है।''

# भाजपा राजनीतिक रूप से तृणमूल कांग्रेस का मुकाबला करे, लोगों को निशाना नहीं बनाए: साकेत गोखले



**नई दिल्ली/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस के नेता साकेत गोखले ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसे लोगों को निशाना बनाने के बजाय राजनीतिक रूप से उनसे लड़ना चाहिए।

तृणमूल कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के निलंबन को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा केंद्र से सवाल पूछे जाने के एक दिन बाद आई है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार को यह बताने का निर्देश दिया था कि मनरेगा योजना को चार जिलों को छोड़कर पश्चिम बंगाल में आगे क्यों नहीं क्रियान्वित किया जाना चाहिए। गोखले ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत पश्चिम बंगाल का 7,500 करोड़ रुपए से अधिक की बकाया राशि रोक रखी है। उन्होंने कहा, ''2021 में बंगाल में भाजपा के विधानसभा चुनाव हारने के बाद, मोदी सरकार ने मनरेगा के तहत हमारे राज्य का 7500 करोड़ रुपए से अधिक बकाया रोक दिया है। शर्मनाक बात यह है कि बंगाल से भाजपा के 12 सांसदों और दो केंद्रीय मंत्रियों में से किसी ने भी केंद्र सरकार से यह बकाया राशि जारी करने के लिए नहीं कहा है।'' उन्होंने दावा किया कि यह धन उन गरीबों का है जिन्होंने काम किया है लेकिन उन्हें भुगतान नहीं किया गया है क्योंकि धनराशि रोक ली गई थी।



# पटना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठियां भांजी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रदर्शन के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पटना स्थित सरकारी आवास की ओर बढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए शुक्रवार को पुलिस ने लाठियां भांजी और पानी की बौछारे छोड़ी।

एक अधिकारी ने बताया कि कन्हैया कुमार समेत कांग्रेस के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। कांग्रेस ने ''पलायन रोको, नौकरी दो'' पद यात्रा के समापन पर शुक्रवार को रैली का आयोजन किया था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीपीसीसी मुख्यालय सदाकत आश्रम से मार्च शुरू किया। यहां से करीब एक किलोमीटर दूर राजा पुल क्रॉसिंग पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेड लगा रखे थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इन्हें लांघने का प्रयास किया जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने बल प्रयोग किया। प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास 1, अणे मार्ग तक मार्च निकालने के बाद एक ज्ञापन सौंपना चाहते थे। मुख्यमंत्री का आवास उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में स्थित है और यहां आम लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध है। कांग्रेस की छात्र और युवा शाखाओं द्वारा आयोजित ''पद-यात्रा'' को पार्टी की राज्य में खुद को मजबूत करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि में कुछ महीने बाद विधानसभा चुनाव होने हैं।

# ओडिशा : ओलिव रिडले समुद्री कछुओं के बच्चे अंडों से बाहर निकले

**ब्रह्मपुर (ओडिशा)/भाषा।** ओडिशा के गंजाम जिले में रुशिकुल्या नदी के मुहाने पर ओलिव रिडले समुद्री कछुओं के बच्चों का अंडों से बाहर आना शुरू हो गया है। हजारों की संख्या में बच्चे रेतीले गड्ढों से निकलकर समुद्र की ओर जाने लगे हैं। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सहायक वन संरक्षक (एसीएफ) और खलीकोट वन क्षेत्र के प्रभारी दिब्या शंकर बेहरा ने कहा कि बड़े पैमाने पर अंडों से कछुओं के बच्चों के बाहर आने का काम समय पर शुरू हो गया है। 4 से 5 दिन तक यह काम जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा, ''हम शिशु कछुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इस वर्ष दो चरणों में रिकॉर्ड संख्या में कछुओं ने अंडे दिए हैं इसलिए हम उम्मीद कर रहे हैं कि अंडों से रिकॉर्ड संख्या में बच्चे निकलेंगे।'' अधिकारी ने बताया स्थानीय स्वयंसेवियों ने शिकारियों से इन कछुओं की सुरक्षा के लिए वनकर्मियों की मदद की है।

# बिहार चुनाव राजनीतिक तौर पर नीतीश कुमार का अंत साबित होगा: प्रशांत किशोर



**पटना/भाषा।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को दावा किया कि बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव राजनीतिक तौर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का अंत साबित होगा। किशोर ने यहां गांधी मैदान में आयोजित 'बिहार बदलाव रैली' में यह टिप्पणी की। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के लोगों को नीतीश कुमार, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निराश किया है।

हालांकि, किशोर लोगों की आमद को लेकर नाखुश दिखे और उन्होंने बमुश्किल 10 मिनट रैली को संबोधित करने का फैसला किया। उन्होंने प्रशासन पर राज्य के अन्य हिस्सों से आने वाले कम से कम दो लाख लोगों के शहर में प्रवेश करने से रोकने का आरोप लगाया। पूर्व चुनाव रणनीतिकार ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार के इशारे पर काम किया। उन्होंने कहा कि वह 74 वर्षीय नेता का राजनीतिक श्राद्ध करेंगे। किशोर ने कहा, आइए हम इस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें। जंगलराज लेकर आए लालू प्रसाद ने बिहार के लोगों को निराश किया।

# मेरा लक्ष्य अधिक शांतचित्त और तनाव मुक्त रहना है : रुद्रांक्ष पाटिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के बावजूद पिछले साल हुए इन खेलों में भाग नहीं ले पाने वाले राइफल निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल मुश्किल परिस्थितियों में भी शांतचित्त और तनाव मुक्त रहने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

पाटिल पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान हासिल करने वाले देश के शुरुआती निशानेबाजों में शामिल थे लेकिन भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया। वह ओलंपिक क्वालीफिकेशन ट्रायल में सेना के निशानेबाज संदीप सिंह से हार गए जिन्होंने उनकी जगह पर पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। हाल ही में ब्यूनस आयर्स में सत्र के पहले आईएसएसएफ विश्व कप में व्यक्तिगत स्वर्ण और आर्य बोरसे के साथ मिश्रित टीम में रजत पदक जीतने वाले इस युवा खिलाड़ी को इस झटके ने और अधिक दृढ़ बना दिया है और अब वह निशानेबाजी के उस पहलू पर काम कर रहे हैं, जिसे सभी जानते हैं लेकिन कुछ ही लोग इसे अक्षरश: लागू कर पाते हैं। पाटिल ने अर्जेंटीना की राजधानी से पीटीआई वीडियो से कहा, ''मेरा लक्ष्य किसी भी टूर्नामेंट से पहले और टूर्नामेंट के दौरान शांतचित्त और तनाव मुक्त रहना है ताकि मैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता ला सकूं। मैं अभी इसी पर काम कर रहा हूं।''

यह पूर्व विश्व चैंपियन तकनीकी और मानसिक प्रशिक्षण में विश्वास रखता है और उनका मानना है कि इन दोनों पहलुओं में कितना भी कुछ करलो सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। पाटिल ने कहा, ''हम सभी का लक्ष्य प्रत्येक दिन सुधार करना होता है। प्रत्येक वर्ष खुद को साबित करने का बहुत अधिक दबाव होता है। आपको राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए प्रत्येक दो महीने में खुद को साबित करना होता है।'' उन्होंने कहा, ''इसके लिए हमें मानसिक और तकनीकी पहलुओं पर निरंतर काम करना होगा। यह आम बोलचाल के शब्द हैं लेकिन इनमें आप कितना भी कौशल हासिल कर लो तब भी आपको इन पर निरंतर काम करना होता है।'' ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाने के संदर्भ में इस 21 वर्षीय निशानेबाज ने कहा, ''मैं निराश नहीं था, मैं दुखी था। इसका सबसे ज्यादा असर मेरे माता-पिता और मेरे सहयोगी स्टाफ पर पड़ा क्योंकि वह जानते थे कि मैंने इसके लिए कितनी कड़ी मेहनत की थी।''

# सफेद गेंद के प्रारूप के बादशाह साबित हो रहे हैं केएल राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** एक समय टीम के लिये अपनी उपयोगिता साबित करने के लिये जूझ रहे केएल राहुल ने चैम्पियंस ट्रॉफी से लेकर आईपीएल तक जिस तरह अपनी तकदीर का पासा पलटा है, वह उनके जैसा तकनीकी कौशल का धनी बल्लेबाज ही कर सकता है ।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु के खिलाफ आईपीएल मैच में चिन्नास्वामी की पेचीदा पिच पर 175 की स्ट्राइक रेट से 53 गेंद में नाबाद 93 रन बनाकर उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से जीत दिलाई । उनका अर्धशतक जोखिमरहित था जिसमें 29 गेंद में 29 रन बनाने के बाद बाकी 64 रन सिर्फ 24 गेंद में बनाये गए ।

यह कहना आसान है कि कर्नाटक का होने के कारण हालात से वाकफियत से उन्हें तेजी से रन बनाने में मदद मिली । हो सकता है कि ऐसा हुआ हो लेकिन सिर्फ यही कारण नहीं है । वह दिल्ली टीम की बल्लेबाजी की धुरी बने हैं तो अपने तकनीकी कौशल के दम पर ।



उन्होंने बृहस्पतिवार को एक बार फिर साबित कर दिया कि टीम का उन पर भरोसा बेमानी नहीं है । जोश हेजलवुड को 15वें ओवर में तीन चौकों और एक छक्के समेत 22 रन लेकर उन्होंने मैच का पासा दिल्ली के पक्ष में पलट दिया ।

आरसीबी के मेंटोर दिनेश कार्तिक ने राहुल की पारी की तारीफ करते हुए कहा ,'' टी20 में अलग अलग क्रम पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है लेकिन उसने पिछले कुछ समय में ऐसा बखूबी किया है । मेरा मानना है कि वह उच्च स्तर का मध्यक्रम का बल्लेबाज है ।'' उन्होंने कहा ,'' उसके पास कौशल हमेशा से था लेकिन अब वह और स्वतंत्रता से खेल रहा है । उसे देखकर अच्छा लग रहा है ।''

आरसीबी को उसके गढ में हराने के बाद जिस तरह मैदान पर सर्कल बनाकर बीच में उन्होंने अपना बल्ला ठोंककर जश्न मनाया , उससे साबित होता है कि सीमित ओवरों के प्रारूप में वह अपने हुनर का लोहा मनवाने में कामयाब रहे हैं । उन्होंने बाद में यह भी कहा ,'' यह मेरा घरेलू मैदान है और मैं दूसरों से बेहतर इसे जानता हूं ।''

## सुविचार

**निंदा उसी की होती हैं
जो जिंदा है, मरने के बाद
तो सिर्फ तारीफ होती है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# पौधे को पेड़ बनाने का संकल्प लें

स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी का 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की सराहना करते हुए यह कहना कि उनका देश भी ऐसी पहल पर विचार कर सकता है, से पता चलता है कि उक्त अभियान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहा है। यह अभियान इस मायने में अनूठा है कि इससे मां और धरती मां, दोनों के साथ जुड़ाव मजबूत होता है। इसमें ममता और पर्यावरण के लिए जागरूकता का ऐसा समावेश है, जो अन्यत्र बहुत कम पाया जाता है। आज जिस तरह जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, वायु प्रदूषण समेत विभिन्न पर्यावरणीय चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं, उनके मद्देनज़र ऐसे अभियान की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। लोगों में पर्यावरण को लेकर जागरूकता आई है, लेकिन ऐसे अभियान की जरूरत महसूस की जा रही थी, जो हर उम्र के लोगों को पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित करे। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में वह सामर्थ्य है। यह मां के प्रति प्रेम एवं सम्मान को तो बढ़ाएगा ही, प्रकृति की सेवा के रास्ते भी खोलेगा। अब जरूरत इस बात की है कि इसमें हर वर्ग की भागीदारी बढ़ाई जाए। विद्यार्थियों, युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक, हर उम्र के लोगों को इसमें शामिल किया जाए। प्राय: पौधे लगाने से संबंधित अभियानों में दो दिक्कतें आती हैं– पहली, लोग यह तो जानते हैं कि पौधे लगाना अच्छी बात है, लेकिन ख़ुद नहीं लगाना चाहते। वे दूसरों से उम्मीद करते हैं कि खूब पौधे लगाएं। हां, अगर सोशल मीडिया पर ऐसी फोटो आ जाए तो वे उसे 'लाइक' कर आगे बढ़ जाते हैं। दूसरी, कई लोग पौधे तो लगा देते हैं, अपनी फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देते हैं, जहां उन्हें सराहना मिलती है, लेकिन इसके बाद वे उस पौधे की सुध नहीं लेते। अगर वह पौधा विभिन्न चुनौतियों से जूझकर पेड़ बन जाए तो उसे लगाने वाले की 'वाह–वाह' होती है। अगर सूखकर दम तोड़ दे तो कोई पूछने वाला नहीं होता।


'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सफल बनाना है तो इन दोनों दिक्कतों को दूर करना होगा। लोगों को पौधे लगाने और उनकी लगातार देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। यह थोड़ा मुश्किल जरूर है, लेकिन असंभव नहीं है। इसके लिए स्कूलों, कॉलेजों, दफ्तरों और संस्थानों में क्लब बनाए जा सकते हैं। इसके तहत हर पौधे का पंजीकरण किया जाए। उसकी फोटो का रिकॉर्ड रखा जाए। इसके बाद समय–समय पर पौधे की देखभाल और पोषण से संबंधित जानकारी ली जाए। संबंधित व्यक्ति को मोबाइल फोन पर संदेश भेजे जा सकते हैं। यही नहीं, हर पौधे को एक नाम दिया जा सकता है, जैसे परिवार के किसी सदस्य को दिया जाता है। इससे लोगों के मन में उसके साथ जुड़ाव और गहरा होगा। जो बच्चे एक या दो पौधे लगाएं, उनकी उचित तरीके से देखभाल करें, उन्हें परीक्षा परिणाम में कुछ अंकों का लाभ दिया जाए। चूंकि वे पर्यावरण को बेहतर बनाने में योगदान दे रहे हैं, इसलिए इनाम के हकदार हैं। किसी अभियान का बगैर प्रोत्साहन के आगे बढ़ना बहुत मुश्किल होता है। प्राय: ऐसा माना जाता है कि जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, वायु प्रदूषण जैसी समस्याओं का समाधान करना सरकार का काम है। हालांकि इन समस्याओं की चपेट में हर वर्ग आ रहा है। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि एकजुट होकर मैदान में उतरें और अपने भविष्य को बेहतर बनाएं। पिछले साल जब मई–जून में तापमान के रिकॉर्ड टूट रहे थे, तब सोशल मीडिया पर यह मुद्दा बहुत चर्चा में था। लोगों को पेड़–पौधों की जरूरत महसूस हो रही थी। जैसे ही मानसून आया, वह मुद्दा ठंडा पड़ गया। अब 'वे ही दिन' वापस आने वाले हैं। इस बार हमें कम–से–कम एक पौधा लगाकर उसे पेड़ बनाने का संकल्प जरूर लेना चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



कोटा स्थित कार्यालय पर कोटा–बून्दी के परिजनों से भेंट कर उनकी समस्याएं एवं जनहित से जुड़े मुद्दे सुने, तथा संबंधित मामलों के शीघ्र समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। क्षेत्रवासियों से सीधे संवाद से न केवल शिकायतों का त्वरित निवारण संभव होता है।

**–ओम बिरला**



मानवता के सच्चे सेवक महात्मा फुले को उनकी जयंती पर सादर नमन। उन्होंने समाज के शोषित और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश के लिए उनका अमूल्य योगदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

**–नरेन्द्र मोदी**



श्री हनुमान जन्मोत्सव से पूर्व आज जयपुर स्थित चिंताहरण काले हनुमानजी मंदिर में एकादश कुण्डात्मक सात दिवसीय हनुमत महायज्ञ में सहभागिता कर आहुति दी और समस्त प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

**–भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

# भारत की आत्मा



एक बार महात्मा गांधी और ठक्कर बाप्पा उड़ीसा में एक छोटे से स्टेशन पर रेलगाड़ी की प्रतीक्षा में थे कि एक बुज़ुर्ग आदिवासी आया और घुटने टेककर गांधीजी के चरण छूने लगा। गांधीजी उसे अपलक देखते रहे। उसने केवल एक लंगोटी पहन रखी थी और उसके शरीर में बस पसलियां ही पसलियां दिखाई दे रही थीं। कमर से उसने एक पैसा निकाला और महात्मा जी के पैरों के पास भावुक होकर रख दिया। गांधीजी की आंखें चमक उठीं। 'क्यों? यह पैसा क्यों रखा?' उन्होंने प्रश्न किया। 'देव–दर्शन को जाते हैं तो कुछ भेंट चढ़ाने तो ले ही जाते हैं ना?' वह बोला। 'अब क्या करूं?' गांधीजी ने कुछ सोचा, फिर उन्होंने विनम्रतापूर्वक वह पैसा ले लिया और पास बैठे हुए उड़ीसा के निस्वार्थ समाजसेवक गोपबंधु दास से बोले, 'देखो गोपबंधु, यही है भारत की आत्मा। इसका शरीर दुर्बल है, पर आत्मा बहुत बलवान है।' गोपबंधु दास जी ने इस प्रसंग का उल्लेख अपने लेखों तथा विविध उदबोधनों में कई बार किया है।

## सामयिक

# राणा के बहाने पाकिस्तान का पूरा आतंकी सच उजागर हो

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133



मुंबई में भीषण, खौफनाक एवं दर्दनाक आतंकी हमले की साजिश रचने और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल रहने वाले पाकिस्तान मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से भारत लाया जाना किसी उपलब्धि से कम नहीं है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कूटनीतिक जीत एवं भारत की कानून की बड़ी सफलता है। लगभग 170 लोगों की दर्दनाक मौत, क्रूरता एवं अमानवीयता का डरावना मंजर एवं देशवासियों की आंखों को गमगीन करने वाले इस आतंकी हमले के मास्टरमाइंड राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिये एक उजली किरण बनकर प्रस्तुत हुई है। 26–11–2008 एक ऐसी डरावनी तारीख है जिसे याद करके देशवासी सिहर जाते हैं। दहशत की तस्वीरें आंखों के सामने आ जाती हैं। यह तारीख मुम्बई के पुराने घाव को न केवल कुरेदती है बल्कि टीस भी पैदा करती है कि 150 करोड़ का यह देश अब तक क्यों नहीं राणा का प्रत्यर्पण कराकर उसे दर्दनाक सजा दे पाया। अब राणा के भारत के शिकंजे में आ जाने से 26–11 के घावों पर कुछ मरहम लगेगा क्योंकि मुम्बई एवं देश आज भी जख्मों का हिसाब मांगती है।

देर आये दुरस्त आये की कहावत को चरितार्थ करते हुए अब देश का खतरनाक दुश्मन हाथ आ गया है तो उसे ऐसी सजा दी जाये कि न केवल पाकिस्तान, पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन एवं दुनिया में आतंक फैलाने वाले सहम जाये कि भविष्य में ऐसी घटना करने का दुस्साहस न कर सके। यह तो तय है कि राणा से पूछताछ में कई राज खुलेंगे, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या उसे फांसी की सजा देना संभव होगा? भारत सरकार को ऐसे कूटनीतिक एवं साहसिक प्रयत्न करने होंगे, जिससे उसे फांसी की सजा देना संभव हो सके और वह भी कम से कम समय में। मुंबई हमले के दौरान पकड़े गए आतंकी अजमल कसाब को सजा देने में चार साल लग गए थे। इतनी देरी राणा के मामले में नहीं होनी चाहिए। यह ऐसा मामला है, जिस पर देश के साथ दुनिया की भी निगाह होगी। राणा की सजा से ही भारत के न्यायतंत्र की त्वरता एवं तत्परता सामने आयेगी। क्योंकि खूंखार आतंकियों को सजा देने में देरी से आतंक से लड़ने की प्रतिबद्धता पर प्रश्नचिह्न टंकते है।

17 साल बाद आज भी महानगर मुम्बई की वह काली रात एवं गोलियों की गूंज से सब दहल उठते है, सहम जाते हैं। उस दिन पाक प्रशिक्षित लश्कर–ए–तैयबा के 10 आतंकवादियों ने एक साथ कई जगहों पर हमला किया। लियो पोल्र्ड कैफे और छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से शुरू हुआ मौत का दर्दनाक तांडव ताजमहल होटल में जाकर खत्म हुआ। जिसमें आतंकवाद निरोधक दस्ते यानि एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे, मुम्बई पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त अशोक कामटे और पुलिस इंस्पैक्टर विजय सालस्कर शहीद हुए। आतंकवादी कसाब को जिन्दा पकड़ने वाले साहसी सब इंस्पैक्टर तुकाराम को कौन भुला सकता है, जो एक दूसरे आतंकवादी की गोलियों का शिकार होकर भी, जान की बाजी लगाकर कसाब को पकड़ने में सफलता पायी, भले ही इस एकमात्र पाकिस्तानी आतंकवादी कसाब को सजा–ए–मौत दी गई लेकिन इस हमले ने क्रूरता के जो निशान छोड़े वे आज भी मुम्बई में मौजूद हैं, भारत के जन–जन के हृदय पटल पर अंकित है।

कौन नहीं जानता कि तहव्वुर राणा ने दाऊद सईद गिलानी यानि डेविड कोलमैन हेडली के साथ मिलकर हमले की साजिश रची थी। डेविड हेडली ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मुम्बई में फर्स्ट वर्ल्ड इमीग्रेशन सर्विसिज के नाम से एक कम्पनी का कार्यालय खोला और खुद को बिजनेसमैन के रूप में पेश किया। धीरे–धीरे उसने फिल्म जगत में नामी–गिरामी हस्तियों से जान–पहचान बढ़ाई। भारत यात्रा के दौरान उसने मुम्बई एवं देश के अन्य हिस्सों की रेकी की जहां पर हमला किया जाना था। पाकिस्तानी पिता और अमरीकी माँ की औलाद हेडली अमरीका में एक समय रंगीन ज़िन्दगी गुज़ार चुका था जिसके दौरान ड्रग्स की तस्करी के लिए उसे जेल भी हुई थी। भारत ने हेडली के प्रत्यर्पण के लिए भी अनुरोध किया था, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने उसे छोड़ने से इनकार कर दिया, क्योंकि कई मामलों और डेनमार्क में एक हमले की नाकाम साजिश सहित 12 आतंकवाद से संबंधित आरोपों में दोषी होने की बात स्वीकार की थी। उसने लश्कर, आईएसआई और अलकायदा के राज अमेरिका को बताए तब से ही हेडली अमेरिका की सम्पत्ति बन गया है। फिलहाल हेडली का अमेरिका में सुरक्षित रहना बड़े सवाल खड़े करता है। इस बीच भारत ने राणा को मोस्ट वॉन्टेड घोषित कर दिया और 28 अगस्त 2018 भारत के खिलाफ आतंकी साजिश रचने, युद्ध छेड़ने, हत्या, जालसाजी और आतंकवादी हमले के आरोपों पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अब सवाल यह है कि अमेरिका ने राणा को तो भारत के हवाले कर दिया लेकिन वह डेविड हेडली के मामले में क्यों खामोशहै?

राणा को भारत लाया जाना, भारत के शिकंजे में आना भारत की बहुत बड़ी कूटनीतिक जीत है। राणा पाकिस्तानी सेना का पूर्व अधिकारी है। चूंकि उसने आतंकी संगठन लश्कर एवं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ से मिलकर मुंबई हमले की साजिश रची थी, इसलिए उससे गहन पूछताछ करके पाकिस्तान को नए सिरे से न केवल बेनकाब करना होगा, बल्कि उस पर इसके लिए दबाव भी बनाना होगा कि वह मुंबई हमले के अन्य गुनहगारों को भी दंडित करे। इस हमले के गुनहगार पाकिस्तान में खुले घूम रहे हैं। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा को भारत भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। हालांकि राणा ने कई हथकंडे अपनाए लेकिन अमेरिकी अदालतों में उसकी सारी याचिकाएं ठुकरा दी गईं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की यह आज तक की सबसे बड़ी जीत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इसके लिए कूटनीतिक प्रयास करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भारत विश्व के सर्वाधिक पाकिस्तान पोषित आतंकवाद प्रभावित देशों में से एक है। 26–11 के मुंबई हमलों के अलावा 2008 में ही जयपुर विस्फोट, काबुल में भारतीय दूतावास के अलावा अहमदाबाद, दिल्ली और असम के विस्फोट भी शामिल थे। यह संतोषजनक तो है कि अमेरिका ने देर से सही, राणा को भारत को सौंप दिया। यदि ट्रंप फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति नहीं बनते तो शायद राणा को भारत लाना और मुश्किल होता। जो भी हो, भारत को केवल इतने से ही संतोष नहीं करना चाहिए कि अंततः एक बड़ा आतंकी उसके हाथ लग गया। भारत को देश के अन्य शत्रुओं एवं आतंकियों को भी दंडित करने–कराने के प्रति प्रतिबद्ध रहना होगा। उन्हें और पाकिस्तान सरीखे उनके आकाओं को यह संदेश नए सिरे से देना होगा कि भारत अपने दुश्मनों को न तो भूलता है और न माफ करता है।

तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण आतंकवाद के खिलाफ भारत की एक बड़ी जीत है, लेकिन इसे आतंकवाद के खिलाफ एक छोटा पडाव मानते हुए अभी कई मोर्चें पर आतंकवाद के खिलाफ कमर कसनी होगी, अब भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का असली बड़ा काम यहां से शुरू हुआ है। मुंबई सहित देश के अन्य हिस्सों और विशेषतः जम्मू–कश्मीर में आतंकी हमले की पूरी प्लानिंग के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई व उसकी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों का हाथ न केवल था, बल्कि आर्थिक एवं अन्य तरह का सहयोग भी शामिल है। राणा के बहाने पाकिस्तान के मनसूबों को बेनकाब करना ज्यादा जरूरी है, इससे कई राज खुलने और जांच को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। तमाम सबूत होने के बाद भी पाकिस्तान इस हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है। हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी–उर–रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। राणा के माध्यम पाकिस्तान का पूरा सच देश भी जाने एवं दुनिया भी समझे, तभी राणा का भारत आना सफल एवं सार्थक होगा।

## नजरिया

# राम भक्त हनुमान सिखाते हैं जीवन जीने की कला

संदीप सृजन
मोबाइल : 9406649733

हनुमान जी भारतीय संस्कृति और धर्म में एक अद्वितीय स्थान रखते हैं। रामायण के इस महान पात्र को न केवल एक शक्तिशाली योद्धा और भक्त के रूप में जाना जाता है, बल्कि वे एक ऐसे प्रेरक व्यक्तित्व भी हैं जो हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। उनकी कहानियाँ, उनके गुण और उनका चरित्र हमें यह समझाते हैं कि जीवन की चुनौतियों का सामना कैसे करना चाहिए, अपने कर्तव्यों को कैसे निभाना चाहिए और एक संतुलित, सार्थक जीवन कैसे जीना चाहिए। हनुमान जी के जीवन से हमें जो शिक्षाएँ मिलती हैं, वे आज के आधुनिक युग में भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी प्राचीन काल में थीं।

### निष्ठा और समर्पण

हनुमान जी का सबसे प्रमुख गुण है उनकी भगवान राम के प्रति अटूट निष्ठा और समर्पण। रामायण में हनुमान जी का हर कार्य इस बात का प्रमाण है कि वे अपने स्वामी की सेवा में पूर्णतः समर्पित थे। चाहे वह लंका में सीता माता की खोज हो, संजीवनी बूटी लाने का कठिन कार्य हो, या रावण की सेना से युद्ध करना हो, हनुमान जी ने कभी अपने कर्तव्य से मुँह नहीं मोड़ा। यह हमें सिखाता है कि जीवन में सफलता और संतुष्टि तभी मिलती है जब हम अपने लक्ष्यों, परिवार, और समाज के प्रति निष्ठावान रहते हैं। आज के समय में, जहाँ लोग अक्सर स्वार्थ और तात्कालिक सुखों के पीछे भागते हैं, हनुमान जी का यह गुण हमें याद दिलाता है कि असली शक्ति और आनंद अपने कर्तव्यों को निभाने में है। उदाहरण के लिए, एक छात्र जो अपने अध्ययन के प्रति समर्पित रहता है, एक कर्मचारी जो अपने काम के प्रति निष्ठा रखता है, या एक माता–पिता जो अपने बच्चों की परवरिश में पूरी मेहनत करते हैं–ये सभी हनुमान जी की निष्ठा से प्रेरणा ले सकते हैं। जीवन में जब हम किसी उद्देश्य के प्रति समर्पित होते हैं, तो वह हमें एक दिशा देता है और हमारे कार्यों को सार्थक बनाता है।

### विनम्रता के साथ शक्ति

हनुमान जी की शक्ति का कोई मुकाबला नहीं था। वे पहाड़ उठा सकते थे, समुद्र लाँघ सकते थे, और राक्षसों की विशाल सेनाओं को परास्त कर सकते थे। लेकिन उनकी सबसे बड़ी खासियत यह थी कि वे अपनी शक्ति का कभी अहंकार नहीं करते थे। वे हमेशा नम्र बने रहे और अपनी शक्ति का उपयोग केवल दूसरों की भलाई के लिए किया। सुंदरकांड में जब वे लंका पहुँचते हैं, तो वे अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के बजाय पहले स्थिति को समझते हैं और फिर उचित कदम उठाते हैं। यह हमें सिखाता है कि शक्ति तभी सार्थक है जब वह नम्रता के साथ हो। आज के समाज में लोग अक्सर अपनी सफलता, धन, या प्रभाव का दिखावा करते हैं, लेकिन हनुमान जी हमें बताते हैं कि असली ताकत वह है जो दूसरों की मदद के लिए इस्तेमाल की जाए। उदाहरण के तौर पर, एक नेता जो अपनी शक्ति का उपयोग जनता की सेवा के लिए करता है, या एक शिक्षक जो अपने ज्ञान को नम्रता से छात्रों तक पहुँचाता है, वे हनुमान जी के इस गुण को अपनाते हैं। हमारे जीवन में भी, चाहे हम कितने ही सफल क्यों न हों, नम्रता हमें जमीन से जोड़े



रखती है और हमारे रिश्तों को मजबूत बनाती है।

### साहस और आत्मविश्वास

हनुमान जी का जीवन साहस और आत्मविश्वास की मिसाल है। जब उन्हें लंका जाने का कार्य सौंपा गया, तो शुरू में वे संकोच में थे। लेकिन जामवंत के प्रोत्साहन से उन्होंने अपनी शक्ति को पहचाना और समुद्र को लाँघ कर लंका पहुँच गए। यह घटना हमें सिखाती है कि हमारे अंदर भी अपार संभावनाएँ छिपी हैं, बस हमें अपने आप पर विश्वास करने की जरूरत है। हनुमान जी ने यह भी दिखाया कि साहस का मतलब सिर्फ शारीरिक बल नहीं, बल्कि मन की दृढ़ता भी है। आधुनिक जीवन में कई बार हम मुश्किलों से घबरा जाते हैं,चाहे वह नौकरी में असफलता हो, पारिवारिक समस्याएँ हों, या व्यक्तिगत चुनौतियाँ। हनुमान जी हमें प्रेरणा देते हैं कि हमें अपने डर को पीछे छोड़कर आगे बढ़ना चाहिए। उदाहरण के लिए, एक युवा जो नई नौकरी शुरू करने से डरता है, या एक उद्यमी जो व्यवसाय शुरू करने में हिचकिचाता है, वे हनुमान जी के साहस से सीख सकते हैं। आत्मविश्वास और साहस हमें न केवल मुश्किलों से लड़ने की ताकत देता है, बल्कि हमें बेहतर इंसान भी बनाता है।

### निस्वार्थ सेवा

हनुमान जी का जीवन निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। उन्होंने कभी भी अपने लिए कुछ नहीं माँगा। चाहे वह सीता माता को ढूंढना हो, लक्ष्मण के लिए संजीवनी लाना हो, या राम की सेना की मदद करना हो, हनुमान जी ने हमेशा दूसरों की भलाई को प्राथमिकता दी। उनकी यह निस्वार्थता हमें सिखाती है कि जीवन का असली सुख दूसरों की मदद करने में है। आज के स्वार्थी युग में यह गुण और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। हम अक्सर अपने लाभ के बारे में सोचते हैं, लेकिन हनुमान जी हमें याद दिलाते हैं कि जब हम दूसरों के लिए कुछ करते हैं, तो वह न केवल समाज को बेहतर बनाता है, बल्कि हमें भी आंतरिक शांति देता है। उदाहरण के लिए, एक व्यक्ति जो जरूरतमंदों की मदद करता है, या एक स्वयंसेवक जो अपने समय को समाज सेवा में लगाता है, वह हनुमान जी की इस शिक्षा को जीता है। हमारे छोटे–छोटे प्रयास, थोड़ी प्रोत्साहित करना, किसी की सहायता करना भी निस्वार्थ सेवा का हिस्सा बन सकते हैं।

### बुद्धिमत्ता और विवेक

हनुमान जी केवल शक्तिशाली ही नहीं, बल्कि अत्यंत बुद्धिमान और विवेकशील भी थे। लंका में उन्होंने अपनी बुद्धि का परिचय तब दिया जब वे सीता माता से मिले और उन्हें राम का संदेश पहुँचाया। उन्होंने स्थिति को भाँपकर सही समय पर सही कदम उठाया। रावण के दरबार में भी उनकी बुद्धिमत्ता और वाक्पटुता देखने लायक थी। यह हमें सिखाता है कि जीवन में केवल शक्ति या साहस ही काफी नहीं, बल्कि बुद्धि और विवेक का होना भी जरूरी है। आज के समय में, जहाँ हमें हर दिन कई निर्णय लेने पड़ते हैं, हनुमान जी का यह गुण हमें सही और गलत के बीच चयन करने में मदद कर सकता है। उदाहरण के तौर पर, एक व्यवसायी को अपने व्यापार में जोखिम और लाभ का आकलन करने के लिए विवेक चाहिए, या एक छात्र को अपनी पढ़ाई के लिए सही दिशा चुनने के लिए बुद्धि की जरूरत होती है। हनुमान जी हमें सिखाते हैं कि भावनाओं में बहने के बजाय सोच–समझकर कदम उठाना चाहिए। हनुमान जी के जीवन की ये शिक्षाएँ केवल धार्मिक या आध्यात्मिक संदर्भ तक सीमित नहीं हैं। आज के व्यस्त और तनावपूर्ण जीवन में ये हमें एक संतुलित और सकारात्मक दृष्टिकोण देती हैं।

निष्ठा हमें अपने लक्ष्यों पर केंद्रित रखती है, नम्रता हमें अहंकार से बचाती है, साहस हमें चुनौतियों से लड़ने की ताकत देता है, निस्वार्थता हमें दूसरों के प्रति संवेदनशील बनाती है, और बुद्धि हमें सही मार्ग दिखाती है। हनुमान जी का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि हमें अपने अंदर की शक्ति को पहचानना चाहिए। जैसे जामवंत ने हनुमान जी को उनकी शक्ति का अहसास कराया, वैसे ही हमें भी अपने आसपास के लोगों और परिस्थितियों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। चाहे वह व्यक्तिगत जीवन हो, सामाजिक जिम्मेदारियाँ हों, या कैरियर की चुनौतियाँ–हनुमान जी की शिक्षाएँ हर क्षेत्र में हमारा मार्गदर्शन कर सकती हैं। हनुमान जी एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जो हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। उनकी निष्ठा, नम्रता, साहस, निस्वार्थता और बुद्धि हमें यह समझाती है कि एक सार्थक जीवन कैसे जिया जा सकता है। वे हमें बताते हैं कि शक्ति का असली मतलब दूसरों की भलाई में है, और साहस का मतलब अपने डर को हराने में है। आज के समय में, जब हम तनाव, प्रतिस्पर्धा और अनिश्चितता से घिरे हैं, हनुमान जी का जीवन और उनकी शिक्षाएँ एक प्रकाश स्तंभ की तरह हमें सही रास्ता दिखाती हैं। यदि हम उनके इन गुणों को अपने जीवन में अपनाएँ, तो न केवल हमारा जीवन बेहतर होगा, बल्कि हम अपने आसपास के लोगों के लिए भी प्रेरणा बन सकते हैं। हनुमान जी का आशीर्वाद हमें हमेशा प्राप्त हो, और हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक संपूर्ण जीवन जी सकें।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता के लिए भारत अहम : ताजानी

**नई दिल्ली/भाषा**

इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी ने शुक्रवार को कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के लिए भारत एक अहम देश है। इटली के विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभाल रहे ताजानी व्यापार और निवेश सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए हैं। उन्होंने ''इटली-भारत व्यापार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी फोरम'' को संबोधित करते हुए कहा, ''हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के लिए भारत एक अहम देश है। व्यापार को मजबूत करने के लिए स्थिरता अत्यंत आवश्यक है।''

ताजानी ने कहा, ''इटली और भारत स्वाभाविक आर्थिक साझेदार हैं। हम मिलकर उच्च शिक्षा, नवाचार और अनुसंधान के माध्यम से भविष्य उन्मुख अपने सहयोग को मजबूत करना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि इटली और भारत आज पहले से कहीं अधिक करीब हैं तथा इन संबंधों को और आगे बढ़ाने की काफी संभावनाएं हैं। उप प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम भारत में अधिक निवेश करना चाहते हैं, भारत को अधिक निर्यात करना चाहते हैं तथा इटली में अधिक भारतीय निवेश आकर्षित करना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि नवाचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), सुपर कंप्यूटर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, रक्षा कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें संयुक्त साझेदारी की संभावनाएं हैं।



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी द्वारा गत नवंबर में रियो डी जेनेरियो में हुई बैठक के बाद घोषित 'संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना' का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना में ठोस परिणामों के माध्यम से द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के उनके दृष्टिकोण को दर्शाया गया है, जिससे दोनों देशों को लाभ होगा।

जयशंकर ने यह भी कहा कि प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) अर्थव्यवस्थाओं, ऊर्जा संसाधनों और संचार के लिए ''वास्तव में नई वैश्विक धुरी'' का निर्माण करेगा। उन्होंने कहा कि भारत और इटली के बीच साझेदारी हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, हमारी सभ्यताओं, संस्कृति और विरासत के प्रति सम्मान और सबसे बढ़कर एक स्थिर, नियम-आधारित और समृद्ध विश्व के लिए एक साझा दृष्टिकोण पर आधारित है।विदेशमंत्री ने कहा कि आज हम एक परिचित वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था में मिल रहे हैं, लेकिन इस व्यवस्था में बदलाव आ रहा है और यह अधिक जटिल और अप्रत्याशित होती जा रही है। उन्होंने कहा, ''यद्यपि हम महामारी, यूरोप, मध्य पूर्व और एशिया में जारी संघर्षों से उबर रहे हैं, हमें यह स्वीकार करना होगा कि हमारी आपूर्ति श्रृंखलाएं अधिक नाजुक हैं तथा हमारा समुद्रीय पोत परिवहन अधिक बाधित है।''

जयशंकर ने कहा कि बाजार हिस्सेदारी पर नियंत्रण तथा आर्थिक गतिविधियों को हथियार बनाए जाने के कारण ''भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा'' बढ़ गई है। उन्होंने कहा, ''वास्तव में, विनिर्माण का अति-संकेन्द्रण और आपूर्ति श्रृंखलाओं की विश्वसनीयता आज प्रमुख चिंता का विषय बन गई है।''

# तहव्वुर राणा ने मुंबई हमले के बाद हेडली से कहा था: 'भारतीयों का यही हश्र होना चाहिए'

**वाशिंगटन/न्यूयॉर्क/भाषा**

मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने कथित तौर पर कहा था कि भारतीयों का ''यही हश्र होना चाहिए''। उसने हमले के दौरान मारे गए लश्कर-ए- तैयबा के नौ आतंकवादियों की सराहना करते हुए उन्हें पाकिस्तान का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार ''निशान-ए-हैदर'' दिये जाने की हिमायत की थी। अमेरिकी न्याय विभाग ने यह जानकारी दी। अमेरिका ने बुधवार को पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर हुसैन राणा को भारत में मुकदमे का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित कर दिया। उस पर, 2008 के मुंबई आतंकी हमले में कथित भूमिका से जुड़े 10 आपराधिक आरोप हैं। इस हमले में छह अमेरिकी सहित 166 लोग मारे गए थे।

न्याय विभाग ने एक बयान में कहा, ''राणा का प्रत्यर्पण उन छह अमेरिकियों और अन्य पीड़ितों के लिए न्याय पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो इस जघन्य हमले में मारे गए थे।''

भारत का आरोप है कि राणा ने अपने बचपन के दोस्त (डेविड) हेडली को लश्कर ए तैयबा के संभावित हमला स्थलों की टोह लेने के लिए मुंबई की बेरोकटोक यात्रा करने में मदद की थी। बयान के अनुसार, हमले के बाद, राणा ने हेडली से कथित तौर पर कहा था कि भारतीयों का ''यही हश्र होना चाहिए।'' बयान में कहा गया है, ''हेडली के साथ बातचीत में राणा ने हमले में मारे गए लश्कर के नौ आतंकवादियों की कथित तौर पर सराहना करते हुए कहा था कि उन्हें लड़ाई में वीरता पदर्शित करने के लिए पाकिस्तान का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार-- 'निशान-ए-हैदर'-- दिया जाना चाहिए, जो युद्ध में जान गंवाने वाले सैनिकों को दिया जाता है।''

भारत का आरोप है कि हेडली ने पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के सदस्यों से प्रशिक्षण प्राप्त किया था और वह मुंबई हमले की साजिश रचने में आतंकवादी संगठन के साथ सीधे संपर्क में था।

राणा अपने आव्रजन व्यवसाय की मुंबई शाखा खोलने और हेडली को कार्यालय का प्रबंधक नियुक्त करने के लिए सहमत हुआ, जबकि हेडली के पास आव्रजन संबंधी कामकाज का कोई अनुभव नहीं था। दो अलग-अलग मौकों पर, राणा ने हेडली को वीजा आवेदन तैयार करने और इसे भारतीय अधिकारियों को सौंपने में कथित तौर पर मदद की थी। बयान में कहा गया है, ''दो साल से अधिक समय तक हेडली ने शिकागो में राणा से कई बार मुलाकात की और लश्कर-ए-तैयबा की ओर से ली गई टोह संबंधी गतिविधियों, हेडली की गतिविधियों पर लश्कर-ए-तैयबा की प्रतिक्रियाओं और मुंबई हमले के लिए लश्कर-ए-तैयबा की संभावित गतिवधियों के बारे में जानकारी दी थी।''

वर्ष 2008 में 26 से 29 नवंबर के बीच लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने मुंबई में 12 समन्वित हमलों को अंजाम दिया था।

बयान के अनुसार, ''ये हमले भारत में हुए सबसे भयानक और विनाशकारी हमलों में से एक थे।''

अमेरिकी न्याय विभाग के बयान में यह भी कहा गया है कि राणा के खिलाफ भारत की लंबित कार्यवाही पहली कार्यवाही नहीं है, जिसमें उस पर आतंकवाद को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप है।

# एकता कपूर ने 'द डर्टी पिक्चर' के लिए लिया था रिस्क

**मुंबई/एजेन्सी**



बॉलीवुड की जानीमानी फिल्मकार एकता आर कपूर ने अपनी सुपरहिट फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' बनाने के लिये रिस्क लिया था। एकता कपूर ने हाल ही में 'वेव्स' इवेंट में अपनी सुपरहिट फिल्म द डर्टी पिक्चर को लेकर एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया, जिसमें विद्या बालन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। विद्या बालन ने द डर्टी पिक्चर में दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सिल्क स्मिता का किरदार निभाया था। एकता कपूर ने इवेंट के दौरान खुलासा किया कि द डर्टी पिक्चर जब प्लान हो रही थी, तब कागज़ों पर उसका बजट करीब 1012 करोड़ रुपये तक ज़्यादा जा रहा था। इसके बावजूद उन्होंने रिस्क लेने का फैसला किया और कुछ समझदारी भरे कॉस्ट-कटिंग उपायों के साथ फिल्म को आगे बढ़ाया। द डर्टी पिक्चर ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की और विद्या बालन को इस फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला।

एकता कपूर ने कहा,मेरी एक फिल्म थी द डर्टी पिक्चर एक ऐसी महिला की कहानी थी जिसने पुरूष प्रधान फिल्म इंडस्ट्री को चुनौती दी थी। ये एक सच्ची कहानी थी, लेकिन हम उसके राइटस नहीं खरीद सके। तो हमने सोचा कि ऐसी और भी कई महिलाएं रही हैं, तो हम एक नया किरदार बनाएंगे। कागज़ों पर देखा जाए तो ये फिल्म 10 से 12 करोड़ रुपये का घाटा दिखा रही थी, तब के हिसाब से कई मिलियन का नुकसान। मुझे आज भी याद है, हमने सबसे पहले लागत कम करने की कोशिश की, और उस समय की तीन-चार बड़ी फिल्मों के सहारे इस फिल्म को बैलेंस करने की प्लानिंग की। लेकिन सबसे जरूरी बात ये थी कि हम बिना अपने इनवेस्टर्स को किसी खतरे में डाले, ऐसा कॉन्टेंट बनाना चाहते थे। क्योंकि मेरे लिए ये बहुत ज़रूरी था कि कंटेंट के चक्कर में कंपनी को डाउनसाइज़ न करना पड़े और किसी की नौकरी न जाए।

एकता कपूर ने बताया, हमने ये फिल्म इसलिए बनाई क्योंकि हमने तय किया था कि यदि घाटा होता भी है, तो हम खुद उसे बैलेंस करेंगे। बेहतर काम करके, ज़्यादा काम लेकर, और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स से जिससे कंपनी की आर्थिक स्थिति पर असर न पड़े।



# हाई लाइफ प्रदर्शनी में मिलेगा लेटेस्ट फैशन और स्टाइलिश एक्सेसरीज़ का शानदार कलेक्शन



चेन्नई/दक्षिण भारत। फैशन और लाइफस्टाइल में दिलचस्पी रखने वालों के लिए हाई लाइफ प्रदर्शनी शानदार सौगात लेकर आ रही है। उसका आयोजन 15 और 16 अप्रैल को हयात रिजेंसी में होगा। यहां लेटेस्ट फैशन, आकर्षक आभूषण और स्टाइलिश एक्सेसरीज़ का शानदार कलेक्शन देखने को मिलेगा। हाई लाइफ प्रदर्शनी में देश के टॉप डिज़ाइनरों द्वारा तैयार की गई खास रेंज प्रदर्शित की जाएगी। चाहे आप अपने वार्डरोब को अपडेट करना चाहते हों या स्टाइल को निखारने के लिए कुछ अनूठा खोज रहे हों, यह प्रदर्शनी हर फैशनप्रेमी की पसंद को पूरा करने का वादा करती है। हाई लाइफ न सिर्फ शॉपिंग का मौका देगी, बल्कि फैशन और खूबसूरती के नए आयाम पेश करेगी। इसके आयोजकों ने बताया कि यह प्रदर्शनी चेन्नईवासियों के लिए यादगार अनुभव होगी। फैशन के इस अनूठे जश्न का हिस्सा बनकर स्टाइल को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

# स्मृति सिन्हा ने मराठी सिनेमा में रखा सफल कदम, 'मुसाफ़िरा' के लिए मिला बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड

**मुंबई/एजेन्सी**

भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री स्मृति सिन्हा को मराठी फिल्म 'मुसाफ़िरा' के लिए मिला बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड मिला है। स्मृति सिन्हा ने अपने अभिनय के दम पर एक बार फिर नया इतिहास रच दिया है। कई भोजपुरी फिल्मों में अभिनय कर चुकीं स्मृति सिन्हा को नासिक इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें उनकी पहली मराठी फिल्म 'मुसाफ़िरा' में निभाए गए प्रभावशाली अभिनय के लिए मिला है। फिल्म 'मुसाफ़िरा', जिसका निर्देशन पुष्कर जोग ने किया है, यह एक भावनात्मक और प्रेरणादायक कहानी है जो जीवन की यात्रा, दोस्ती और आत्म-खोज की भावना को बखूबी दर्शाती है। इस फिल्म में स्मृति सिन्हा के साथ मराठी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता पुष्कर जोग, पूजा सावंत, पुष्करराज चिरपुटकर और दिशा परदेशी भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए हैं।



फिल्म मुसाफिरा का निर्माण आनंद पंडित मोशन पिक्चर्स, ऐश मोशन पिक्चर्स, गूज़ बंप्स एंटरटेनमेंट और नितिन वैद्य प्रोडक्शंस के बैनर तले हुआ है। इस अवॉर्ड के साथ स्मृति सिन्हा भोजपुरी सिनेमा की पहली ऐसी अभिनेत्री बन गई हैं, जिन्हें मराठी सिनेमा में डेब्यू के लिए किसी प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में सम्मान मिला हो। यह उपलब्धि सिर्फ उनके लिए नहीं, बल्कि भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के लिए भी गर्व की बात है।

स्मृति सिन्हा ने कहा, मराठी सिनेमा में मेरा यह पहला कदम था और मुझे नहीं लगा था कि यह इतना स्पेशल होगा। यह अवॉर्ड मेरे लिए बहुत खास है क्योंकि यह न सिर्फ मेरी मेहनत को सराहता है, बल्कि मेरी भाषा और सांस्कृतिक सीमाओं से परे जाकर काम करने की क्षमता को भी मान्यता देता है। मैं इस फिल्म की पूरी टीम की आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे इतना खूबसूरत किरदार निभाने का मौका दिया।

# मनोज बाजपेयी को लेकर हॉरर कॉमेडी फिल्म बनाएंगे राम गोपाल वर्मा

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार राम गोपाल वर्मा, अभिनेता मनोज वाजपेयी को लेकर हॉरर कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं। राम गोपाल वर्मा ने एलान किया है कि वह मनोज बाजपेयी के साथ फिर से काम करने जा रहे हैं। राम गोपाल वर्मा ने बताया कि वह मनोज वाजपेयी को लेकर हॉरर कॉमेडी फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत है' बनाने जा रहे हैं। राम गोपाल वर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा,सत्या, कौन और शूल के बाद मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैं और मनोज वाजपेयी एक बार फिर हॉरर कॉमेडी के लिए साथ आ रहे हैं, एक ऐसी शैली जो हम दोनों में से किसी ने नहीं की। मैंने हॉरर, गैंगस्टर, रोमांटिक, राजनीतिक ड्रामा, एडवेंचर कैपर्स, थ्रिलर आदि फिल्में की हैं, लेकिन कभी हॉरर कॉमेडी नहीं की। फिल्म का शीर्षक है,पुलिस स्टेशन में भूत। राम गोपाल वर्मा ने बताया कि फिल्म की टैग लाइन,आप मरे हुओं को नहीं मार सकते है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक वीएफएक्स, रोंगटे खड़े कर देने वाले डरावने प्रभावों के साथ, पुलिस स्टेशन में भूत एक मजेदार फिल्म होगी जो आपको डरा देगी।

# चिरंजीवी स्टारर 'विश्वम्भर' के पहले गाने 'रामा रामा' का प्रोमो जारी

**मुंबई/एजेन्सी**

वशिष्ठ के निर्देशन में तैयार बहुप्रतीक्षित फिल्म 'विश्वम्भर' के निर्माताओं ने फिल्म 'रामा रामा' के पहले सिंगल का प्रोमो शुक्रवार को जारी कर दिया है। फिल्म में अभिनेता चिरंजीवी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्माण कर रही यूवी क्रिएशंस ने एक्स पर प्रोमो जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, इस हनुमान जयंती पर आइए हम सब रामदूत बन जाएं और भगवान राम की महिमा का गुणगान करें। 'विश्वम्भर' का पहला सिंगल 'रामा रामा' का प्रोमो जारी हो चुका है। गाना 12 अप्रैल को सुबह 11 बजकर 12 मिनट पर जारी होगा। उन्होंने आगे बताया, गाने में संगीत एमएम कीरावनी ने दिया है। 'सरस्वती पुत्र' रामजोगय्या शास्त्री ने इस गाने के बोल लिखे हैं। शंकर महादेवन ने गाने को अपनी आवाज दी है और कोरियोग्राफ शोबी पॉलराज और ललित शोबी ने किया है।

भक्ति गीत 'रामा रामा' के प्रोमो में चिरंजीवी भगवान हनुमान की पोशाक पहने कई बच्चों से घिरे हुए दिखाई दिए। पृष्ठभूमि में भगवान राम की एक भव्य प्रतिमा है। अभिनेता एक बच्चे को गोद में लिए हुए दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर में चिरंजीवी हनुमान की पोशाक पहने बच्चों से घिरे हुए हैं, पृष्ठभूमि में भगवान राम की एक भव्य मूर्ति है। अपनी ब्लॉकबस्टर डेब्यू 'बिम्बिसार' से अमिट छाप छोड़ने वाले निर्देशक वशिष्ठ ने 'विश्वम्भर' को एक शानदार फिल्म बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। निर्देशक ने पहले ही यह स्पष्ट कर दिया है कि वह इस फिल्म को अब तक का अपना सबसे महत्वाकांक्षी और प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट मानते हैं। इस फिल्म में चिरंजीवी के साथ तृषा कृष्णन, आशिका रंगनाथ मुख्य भूमिकाओं में हैं।

फिल्म में कुणाल कपूर भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म में सिनेमैटोग्राफी छोटा के. नायडू की है, जबकि एएस प्रकाश प्रोडक्शन डिजाइनर हैं। फिल्म का संपादन कोटागिरि वेंकटेश्वर राव और संतोष कामिरेड्डी ने किया है, जबकि फिल्म के संवाद साईं माधव बुर्रा ने लिखे हैं।

## प्रेस कॉन्फ्रेंस



अभिनेता अक्षय कुमार, अभिनेत्री अनन्या पांडे, फिल्म निर्माता और निर्माता करण जौहर, और अन्य शुक्रवार को मुंबई में आगामी फिल्म केसरी चैप्टर 2 के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस में।

# स्टेज ने लॉन्च किया 'हुकुम' का म्यूज़िक

**जयपुर/एजेन्सी**

देश के प्रमुख क्षेत्रीय ओटीटी प्लेटफॉर्म स्टेज ने बुधवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर में अपनी राजस्थानी फिल्म हुक़ुम का म्यूज़िक लॉन्च किया। इस अवसर पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में इंडियन आइडल फेम स्वरूप खान ने फिल्म का टाइटल ट्रैक पेश किया, जिसमें उनकी एनर्जी और आवाज़ से दर्शक थिरक उठे। इस गाने ने फिल्म की भव्यता और एक्शन थ्रिलर को पूरी तरह पेश किया। ठरकी छोकरो (पीके) और घूमर (पद्मावत) जैसे हिट्स के लिए मशहूर स्वरूप खान ने हुक़ुम के म्यूज़िक को भी अलग ही स्तर पर पहुंचाने का प्रयास किया है। इस मौके पर दो गाने लॉन्च किए गए जिनमें हुक़ुम टाइटल ट्रैक और राज दुलारी (लोरी) जो फिल्म की भावनाओं को दर्शाते हैं। इस फिल्म में भेरोगंज के वीरान इलाकों में एक




हेलमेट पहने रहस्यमयी व्यक्ति (किलर) का मकसद है अपराध की दुनिया के बेताज बादशाह 'हुक़ुम' को खत्म करना। निर्दयी और खतरनाक हुक़ुम सिर्फ एक खलनायक नहीं बल्कि एक पूरा सिस्टम है।

जब धोखा और बदला एक साथ आते हैं तो एक आदमी के अतीत का सब कुछ बिगाड़ सकते हैं। हुक़ुम 12 अप्रैल से केवल स्टेज पर स्ट्रीम होगी। स्वरूप खान के अलावा दूसरा गाना, राज दुलारी (लोरी) जिसे अमरेश सिन्हा ने गाया है, एक दिल को छू लेने वाली लोरी है, जो माता-पिता और बच्चों के बीच के रिश्ते की गहराई को बयां करती है। यह गाना इस फिल्म की आत्मा है। फिल्म बनाते समय यह महसूस किया गया कि राजस्थानी में एक ऐसी लोरी की कमी है जिसे माता-पिता रोज अपने बच्चों को सुना सकें, ऐसे में इसे लिखा गया। हिमांशु के बोलों में हर वो बात है जो एक मां या पिता अपने बच्चे से कहना चाहते हैं। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, यह लोरी भी एक गहरे, भावनात्मक रूप में बदलती है जहां प्यार और विरह दोनों साथ चलते हैं। दोनों गानों को म्यूज़िक डायरेक्टर आदम्य परिहार ने तैयार किया है। उनके साथ कंपोज़र्स हिमांशु किरण शर्मा, कामिल हुसैन, और म्यूज़िक प्रोड्यूसर्स सौरभ हजारे और खुद आदम्य परिहार ने मिलकर संगीत को फिल्म की आत्मा से जोड़ा है। फिल्म का निर्देशन पंकज सिंह तंवर ने किया है जो पिता, रीस और राजस्थान की पहली वेब सीरीज़ सरपंच जैसे प्रोजेक्ट्स के लिए जाने जाते हैं।

इस अवसर पर स्टेज के को-फाउंडर और सीईओ विनय सिंघल ने कहा कि स्टेज का मिशन स्पष्ट है, हर भारतीय बोली को उसका मंच देना। यही वजह है कि हम 'हुक़ुम' जैसी फिल्म ला रहे हैं, जो राजस्थानी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देती है।

# बच्चों के अधिकारों और जिम्मेदार डिजिटल पेरेंटिंग के लिए अभियान चलाएंगी नेहा धूपिया

**मुंबई/एजेन्सी**



बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री ,पूर्व मिस इंडिया और सामाजिक कार्यकता नेहा धूपिया ने ज़िम्मेदार डिजिटल पेरेंटिंग को बढ़ावा देने और बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने के उद्देश्य से,असम पुलिस और एक फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया है। यह कदम जिसे असम पुलिस ने शुरू किया था, अब एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है। यह अभियान सोशल मीडिया पर बच्चों की निजी जानकारी अधिक साझा करने के खतरों और माता-पिता द्वारा सतर्क डिजिटल व्यवहार अपनाने की आवश्यकता को उजागर करता है। नेहा धूपिया, जो पेरेंटिंग और ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए जानी जाती हैं, इस अभियान से जुड़कर परिवारों को डिजिटल ज़िम्मेदारी अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी। नेहा धूपिया ने कहा,एक मां होने के नाते, मैं समझ सकती हूं कि अपने बच्चों की उपलब्धियां ऑनलाइन साझा करने की खुशी क्या होती है। लेकिन हमें खुद से यह सवाल पूछना चाहिए ,कितना ज़्यादा हो जाता है। यह अभियान हमें यह याद यह दिलाने के लिए है कि हमें न केवल शारीरिक रूप से, बल्कि डिजिटल रूप से भी अपने बच्चों की सुरक्षा करनी चाहिए। अब इस अभियान को और विस्तार दिया जाएगा, जिसके तहत जागरूकता वीडियो, पब्लिक सर्विस अनाउंसमेंट और स्कूलों एवं समुदायों में शैक्षिक कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।इसके अलावा, इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ाने की योजना है। असम पुलिस और यह फाउंडेशन इस पहल का नेतृत्व जारी रखेंगे, जिससे बच्चों के डिजिटल अधिकारों और ज़िम्मेदार पेरेंटिंग पर जागरूकता बढ़ाई जा सके।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जाति, भाषा, प्रांत और संप्रदायों का भेदभाव इतना जहरीला होता है कि वह न्याय, नीति, मानवता और कर्तव्य का बोध कभी नहीं होने देता। इनके बलबूते पर अयोग्य भी सत्ता की योग्यता प्राप्त कर लेते हैं। नीति शास्त्र कहता है कि अयोग्य के पास आई हुई सत्ता, सामर्थ्य और शक्ति सदैव लोगों के शोषण तथा उत्पीड़न का ही काम करती है। कमोबेश हम अपने देश के अनेक प्रांतों में और विश्व के अनेक देशों में यही स्थिति देख रहे हैं। यह कलयुग की करुण दर्दनाक कथा है।





# भगवान महावीर का जन्मकल्याण महोत्सव जैन महासंघ ने मनाया

## श्री तमिलनाडु जैन महामंडल के साथ अनेकों सेवा भावी मंडलों का रहा सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। जैन एकता का प्रतीक श्री जैन महासंघ के तत्वावधान में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्म कल्याणक महोत्सव चैत्र शुक्ला त्रयोदशी 10अप्रैल को श्रमण भगवन्तों की निश्रा में चारों सम्प्रदायों के श्रावक-श्राविकाओं द्वारा उत्साह, उमंग से जैन दादाबाड़ी में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। जैन महासंघ अध्यक्ष प्यारेलाल पितलीया ने मुनि भगवन्तों, अतिथियों, संभागी श्रावक समाज का स्वागत अभिनंदन करते हुए भगवान महावीर के विचारों को प्रस्तुत किया।

### जैनत्व संस्कृति के अनुरूप हो जीवन शैली

धर्मपरिषद् को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री दीपकुमार ने कहा कि यह जिनशासन की प्रभावना का महत्वपूर्ण समय है। हमें हमारी जैनत्व संस्कृति के अनुरूप अपनी जीवन शैली को अपनाना चाहिए। खान-पान की शुद्धि का विशेष ध्यान देना चाहिए। विश्व भर में मात्र जैन आहार के नाम से ही विशेष आहार उपलब्ध होता है। जैनत्व की सुरक्षा, संरक्षण, संवर्धन के साथ इसके गौरव को गौरवान्वित करने के लिए निजी स्तर के साथ समाज स्तर पर एकजुट बन प्रयास करें।

### जैनत्व के मान-सम्मान को बढ़ाएं आगे

मुनि डॉ समकितजी म.सा. ने कहा कि पूर्वजों की पुण्याई से प्राप्त जैनत्व के मान-सम्मान को हमें आगे बढ़ाना चाहिए। जिन शासन धन्य हो ऐसे सुश्रावक श्राविका बने। अपने नाम के साथ जैन लगाने की प्रेरणा पर जनमेदनी ने संकल्प स्वीकार किया।

### परमात्मा की वाणी जगत कल्याणकारी

आचार्यश्री युगोदयप्रभ सूरीश्वर म. सा. ने कहा कि परमात्मा की वाणी जगत कल्याणकारी हैं, जीवो को तारने वाली हैं। आपने तीन बिन्दुओं के साथ प्रेरणा दी- 1. स्वयं महावीरमय बने, उनके चारित्र को अपनाए। आया हुआ वायरस मोबाइल, कंप्यूटर में विसंगतियां ला सकता है, इसी तरह जीन शासन, साधु भगवन्तों के विरोधी व्यक्ति वायरस को प्रोत्साहन न दे, बढ़ावा न दे। 2. अपने जीवन को महावीर बनाए, खानपान शुद्ध रखें। 3. जगत को महावीरमय बनाने के लिए प्रभावक, संरक्षक बने।

अतिथि विशेष कुलदीप जैन ने कहा कि विश्व के युद्ध रुपी विषाक्त वातावरण में महावीर के अहिंसात्मक, संयममय सिद्धांत समाज कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आपने प्रत्येक जैन परिवार के कम से कम एक सदस्य को राजनीति, सेना, वकील, प्रशासनिक अधिकारी इत्यादी के रूप में उपस्थित दर्ज करवानी चाहिए। जैसा हम खाते हैं, वैसा हमारा मन होता है इसीलिए मैंने अपने कार्य क्षेत्र सेना में भी शाकाहार का प्रयोग करवा रहा हूँ। मुख्य अतिथि राजस्थान से विधायक लादूलाल पितलीया ने राजस्थान ने भगवान महावीर के अहिंसा, अपरिग्रह, अनेकांत के सिद्धांतों को जीवन व्यवहार में उतारने का आह्वान किया।

आदिनाथ जैन ट्रस्ट के मोहनलाल ने जैन समाज के परिवारों के लिए अल्प मूल्य में चिकित्सकीय सहायतार्थ योजना प्रस्तुत की। जैन समाज के गौरव शिक्षार्थी शुभ चौधरी, प्रमोद आंचलिया, हरीश आच्छा, रमेश मुथा, संकल श्री संघ नवकारसी लाभार्थी महेंद्र कुमार जैन, रथयात्रा लाभार्थी कमलकुमार टोलिया रात्रि भक्ति लाभार्थी फ्युचूरा ग्रुप, मेगा मेडिकल केम्प के लाभार्थी नाहर परिवार एवं अन्य लाभार्थी, अतिथिगणों का जैन महासंघ द्वारा शाल, माला, तिलक एवं मोमेंटो द्वारा सम्मान किया गया।

इससे पूर्व प्रातः 6 बजे श्री जैन नवयुवक मंडल द्वारा कोण्डितोप में प्रभात फेरी निकाली गई एवं 6-30 बजे जिनालयों में जन्माभिषेक, स्नात्र महोत्सव, बड़ी पूजाऐं एवं भव्य अंगरचना हुई। सुबह 8.30 बजे नार्थ टाउन बिन्नी से भव्य रथयात्रा निकली। जिसमें विभिन्न झांकियां, विविध संगीत मंडलों द्वारा भक्ति गीत एवं अनेकों बेंन्ड बाजों के साथ ढोल नगाड़ों से शहर के अनेक राजमार्गों से गुजरती हुई शोभा यात्रा श्री जैन दादाबाड़ी, अयनावरम पहुंची। शोभायात्रा की व्यवस्था मंडल शिरोमणि श्री चन्द्रप्रभु जैन सेवा मंडल ने की। शोभायात्रा के अध्यक्ष प्यारेलाल पितलीया, प्रवीणकुमार टाटीया एवं गणमान्य व्यक्तित्वों द्वारा जैन ध्वज दिखाकर शुभारंभ किया गया। शुभारम्भ में महिलाओं द्वारा समूह सामायिक की गई। दादावाड़ी की सम्पूर्ण व्यवस्था में श्री तमिलनाडु जैन महामंडल एवं अनेकों सेवा भावी मंडलों का सहयोग रहा। महोत्सव के संयोजक पन्नालाल सिंघवी ने बताया कि दादाबाड़ी में टेन्ट, साजों सज्जा, अनेकों संस्थाओं द्वारा विभिन्न काउंटरों एवं श्री जैन सहायक समिति के सहयोग से 73 महिला गृह उद्योग के काउंटर भी लगाएं गए। सेवा कार्य हेतु लगाए गए काउंटर लाभार्थियों का भी सम्मान किया गया।

प्रशासनिक सेवा कार्य के लिए पार्षद राजेश जैन 'रंगीला' का अपूर्व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। श्री जिनकुशलसूरीश्वर जिनचन्द्रसूरीश्वरजी ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष महोत्सव में पूरा परिसर उपलब्ध कराने हेतु आभार व्यक्त किया। संध्या भक्ति की रमझट मुम्बई के प्रख्यात संगीत कलाकारों द्वारा बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर जैन प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं विभिन्न मंडलों को अलग अलग गुणों का भी सम्मान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन मंत्री गौतमचन्द कांकरीया ने दिया। मंच का कुशल संचालन बिपिन सतावत ने किया।



# आज हनुमान सेवा समिति का गोड़वाड़ भवन में आयोजित है 'हनुमान जन्मोत्सव'

- विशेष कारीगरों द्वारा सजाया गया है वीर हनुमान का दरबार
- शहर की विभिन्न सभा संस्थाएं जुड़ी हैं कार्यक्रम से

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर की जानी मानी संस्था हनुमान सेवा समिति अपनी 30वीं वार्षिक प्रस्तुति के रूप में शनिवार 12 अप्रैल को गोड़वाड़ भवन में 'श्री हनुमान जन्मोत्सव' का आयोजन कर रही है। महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। समिति के मदन माहेश्वरी ने बताया कि शनिवार को अपराह्न 2.30 बजे से सभा स्थल पर संगीतमय सुन्दरकांड का पाठ रखा गया है जिसमें जसवंतगढ़ नागरिक परिषद के हरिकिशन सारड़ा और उनकी टीम द्वारा संगीतमय सुन्दरकांड का पाठ होगा। हरिकिशन सारड़ा बेंगलूरु के जानेमाने भजन गायक हैं । शाम को 5.30 बजे से इस वर्ष बेंगलूरु के उभरते गायक प्रभात करनाणी व कोलकाता के सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रकाश मिश्रा इस आयोजन में हनुमानजी के भजनों की प्रस्तुति देंगे। रात्रि 9 बजे मंगल आरती व महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए हनुमान सेवा समिति के साथ शहर की अनेक सामाजिक धार्मिक संस्थाएं, जैसे अग्रवाल समाज कर्नाटक, माहेश्वरी सभा, स्वास्तिक सेवा संघ, श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट, श्री गोपीकृष्ण संकीर्तन मंडल, राधिका मंडल, आरएलवी भक्त मंडल, श्री गुर्जर गौड़ समाज, सौरभ सांस्कृतिक संस्थान, श्याम दीवाने, आपणो परिवार , मारवाड़ी युवा मंच, नोखा नागरिक परिषद, जसवंतगढ़ नागरिक परिषद, विप्र फाउण्डेशन जोन 18, गौड़ ब्राह्मण संघ कर्नाटक, खांडल विप्र शाखा सभा, श्री सालासर बालाजी सेवा समिति, कर्नाटक प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन, श्री श्याम मंडल, श्री दादी धाम प्रचार समिति, मां शाकम्बरी सेवा समिति, श्री श्याम परिवार कीर्तन मंडल, श्री श्याम सखा परिवार, श्री श्याम सेवा संघ, माहेश्वरी महिला संगठन आदि जुड़ी हुई हैं ताकि सभी हनुमान भक्तों तक इस आयोजन की जानकारी पहुँचे और अधिक से अधिक श्रद्धालु हनुमान जन्मोत्सव में शामिल हो सकें। कार्यक्रम में श्री हनुमान जी की विशेष झांकी सजाई जाएगी। आयोजन से जुड़े विभिन्न सदस्यों ने शहर के सभी हनुमान भक्तों को सपरिवार व मित्र गणों के साथ हनुमान जन्मोत्सव में शामिल होने का निवेदन किया है।



# जरूरतमंदों की सहायता कर मनाया भगवान महावीर का जन्मकल्याणक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां आदिनाथ जैन ट्रस्ट सूलै द्वारा विशाल विकलांग सहायता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 450 जरूरतमंद दिव्यांगों को कृत्रिम पैर, कैलीपर, कल्चेस, श्रवण यंत्र , चश्मे, तिपहिया साइकिल, व्हील चेयर आदि अनेक जरूरत के उपकरण बांटे गए।

इस शिविर का सम्पूर्ण लाभ डॉ. मोहन मनोज जैन परिवार के आशीबाई रानुलाल देवराज प्रकाशचन्द गुलेछा परिवार द्वारा लिया गया। शिविर में अतिथि वी जबगुरुनादन, लाभार्थी परिवार से प्रकाशचं गुलेछा, प्रीमियर हैल्थ से किशोर, उद्योगपति भगवानदास, राजकुमार लुणावत आदि की उपस्थिति में मदनलाल चौबटिया की अध्यक्षता में वितरण किया गया।

सभी अतिथियों का सम्मान ट्रस्ट द्वारा किया गया।

# दो-दो सामायिक साधना से मनाया भगवान महावीर जन्म कल्याणक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। भगवान महावीर जन्म कल्याणक चैत्र शुक्ल 13 त्रयोदशी 10 अप्रैल को साहुकारपेट स्थित स्वाध्याय भवन में श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, तमिलनाडु के तत्वावधान में दो-दो सामायिक की साधना करते हुए आराधना पूर्वक मनाया गया। आचार्यश्री हस्तीमल म.सा की कृति जैन धर्म का मौलिक इतिहास भाग 4 सामान्य श्रुतधर खण्ड का वांचन वरिष्ठ स्वाध्यायी वीरपुत्र आर वीरेन्द्र कांकरिया द्वारा किया गया। संघ के निवर्तमान कार्याध्यक्ष आर नरेन्द्र कांकरिया ने भगवान महावीर स्वामी के 2624 वें जन्म कल्याणक के सुप्रसंग पर भगवान महावीर स्वामी के मुख्य सताईस भवों संग तीर्थंकर भव पर रोचक प्रश्नोत्तरी प्रस्तुत की,उपस्थित श्रदालुओं ने सन्तोषप्रद उतर दिए।

उपस्थित श्रदालुओं ने महावीर चालीसा, वीर स्तुति, पुच्छिसुणं महावीराष्टक की सामूहिक स्तुति की। स्वाध्यायी दीपक श्रीश्रीमाल, इंदरचंद कर्णावट, कांतिलाल तातेड़, चम्पालाल बोथरा, वीरेन्द्र कांकरिया ने भगवान महावीर के साधनामय जीवन पर प्रासंगिक प्राथना प्रस्तुत की। विनोद जैन ने कहा कि भगवान महावीर की प्रेरणाओं को सभी अपनाएं। जन्म कल्याणक सामायिक दिवस कार्यक्रम का संचालन युवक परिषद् के शाखा प्रमुख संदीप ओस्तवाल ने किया।

इस मौके पर संघ समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

हरी झंडी — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



जैन महासंघ चेन्नई के नेतृत्व में श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा चेन्नई द्वारा 10 अप्रैलको 2624 वां महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के शुभ अवसर पर आयोजित वीर बंधन भव्य शोभा यात्रा में चेन्नई ज्ञानशाला की एक विशेष प्रस्तुति झांकी के माध्यम से भगवान महावीर के उपदेशों को दर्शाया गया। जैन महासंघ चेन्नई के अध्यक्ष प्यारेलाल पितलिया, तेरापंथ सभा के अध्यक्ष अशोक खतंग, ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष विमल चिप्पड़ एवं वरिष्ठ पदाधिकारी गण जैन ध्वज लहरा कर सभा अंतर्गत चेन्नई ज्ञानशाला की इस झांकी के सभी ज्ञानार्थी, प्रशिक्षक एवं कार्यकर्ताओं के उत्साह को बढ़ाते हुए आगे बढ़ाने की अनुमति प्रदान की।





# चित्रप्रदर्शनी रथ यात्रा का आगमन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। श्री राजेन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. की 200वीं जन्म शताब्दी के मौके पर मुनिश्री डॉ. लाभेशविजयजी के निर्देशन में श्री राज राजेंद्र सूरि जैन प्रतिष्ठान गुरुधाम पुणे के तत्वावधान में भव्य चित्र प्रदर्शनी रथ यात्रा का शुक्रवार को तमिलनाडु राज्य के कोयम्बत्तूर पहुंची जहाँ पर समाज जनों ने रथ की अगवानी कर स्वागत अभिनन्दन किया।

श्री राजस्थान जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ भवन में विराजित आचार्य श्री जयानन्द सूरि समुदाय की साध्वी मणिप्रभाश्रीजी की शिष्या साध्वीश्री पद्मप्रभाश्रीजी ने कहा कि यह रथ यात्रा दादा गुरूदेव के हस्त निर्मित 421 चित्रों की प्रदर्शनी गाँव-गाँव, शहर-शहर घूमकर गुरूदेव के सिद्धांतों एवं विचारों का प्रचार प्रसार कर रही है, सभी चित्र बड़े ही मनोभाव से बनाये गए है साथ ही मनमोहक है आकर्षक है. यह चित्र यात्रा सम्पूर्ण गुरुभक्तो के लिए गौरवशाली है। पूज्या साध्वीजी की पावन निश्रा में चित्र प्रदर्शनी का उद्धघाटन ढेलीदेवी अमीचंदजी बागरेचा मरुधर में आहोर लाभार्थी परिवार ने किया। इस मौके पर मंदिर के अध्यक्ष गुलाबचन्द मेहता सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य उपस्थित थे। चित्र प्रदर्शनी देखने वालों की दिनभर आवाजाही बनी रही।

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर विभिन्न सेवाकारी आयोजन

कोयम्बटूर। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के मौके पर कोयंबतूर जैन महासंघ की ओर से सरकारी अस्पताल में सैंकड़ों मरीजों को फल वितरण किए गए। कोयम्बटूर नगर कॉर्पोरेशन के 600 सफाई कर्मियों को अन्नदान एवं साड़ी का वितरण किया गया जिसमें निगम के पश्चिम सहायक आयुक्त दुरई मुरुगन और निगम स्वच्छता अधिकारी वीरन ने भाग लिया।

# कांचीपुरम् में मनाया भगवान महावीर का जन्म कल्याणक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**चेन्नई।** कांचीपुरम् चरम तीर्थकर भगवान महावीर का 2624वां जन्म कल्याणक दिवस युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण के शिष्य मुनि मोहजीत कुमार जी के सान्निध्य में श्री जैन संघ एवं तेरापंथी सभा के तत्वावधान में जैन स्थानक कांचीपुरम में आयोजित किया गया।

भगवान महावीर का जन्म भारतीय संस्कृति में अहिंसा, अनेकान्त और अपरिग्रह की चेतना के जागरण का जन्म है, आत्म उत्थान की प्रेरणा का जन्म है, विज्ञान जगत के लिए खोज का जन्म है। भगवान महावीर ने कहा था-अप्पणा सच्च मेसेज्ञा। स्वयं सत्य खोजो।आज का मानव पर की खोज में संलग्न है। उसका चिन्तन पदार्थ जगत के साथ जुड़ा हुआ है। ऐसे भगवान महावीर की आज के युग में अतीव प्रासंगिकता है। उन्होंने जो सिद्धान्त दिये वे केवल सुनने-पढने तक ही सीमित न रहे।

भगवान महावीर का जीवन निष्पृह और जागरूक था। उनके जीवन में अनेकों कष्ट आए पर वे समभाव और सहिष्णुता के साथ उन्हें तिरोहित करते गए। आज के इस प्रसंग पर उनके कथनों को जीवन का अंग बनाने का प्रयास करें। ये विचार महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर मुनि मोहजीत कुमार ने प्रकट किए। समारोह में मुनि जयेश कुमार जी ने कहा कि महावीर का दर्शन परम वैज्ञानिक है। उन्होंने आत्मदर्शन, पुरुषार्थदर्शन की अतल ऊंचाईयों और गहराइयों को प्रकट किया। जहाँ तक आज का विज्ञान जगत पहुंचने का प्रयास कर रहा है। भगवान महावीर के द्वारा प्रतिपादित तत्वदर्शन विराटता और सुक्ष्मता से अभिमंडित है।

समारोह का शुभारम्भ नमस्कार महामन्त्र एवं महावीर वन्दना से हुआ। तेरापंथ महिला मण्डल कांचीपुरम ने महावीर संगान किया। सभा अध्यक्ष इन्द्रचन्द धोका तथा जैन संघ की ओर से चैनराज जैन ने स्वागत किया। युवक परिषद के युवकों ने महावीर स्तुति ,जैन समाज की ओर से ऋषभ जैन ने श्रद्धार्पण भाव प्रकट किए। सभा मंत्री राजेश गादिया ने आभार प्रकट किया । मुनि श्री के चातुर्मासिक क्षेत्र किलपॉक, चेन्नई के सभा मंत्री विजय सुराणा ने सभी को चातुर्मास में आने हेतु निमंत्रण दिया। कार्यक्रम का संचालन काव्यमयी शैली में मुनि भव्यकुमारजी ने किया। इस अवसर पर बालुचेटीछत्रम, तिरूकलुकुनरम, वालाजाबाद, मनामथी, श्री पेरंबुदुर, आरकोणम्, नीमली, तक्कोलम, वंदावारी, पल्लावरम, किलपॉक, चैन्नई, और मुम्बई से समागत श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित थे।

# रायपुरम में भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री रायपुरम जैन संघ द्वारा प्रभु महावीर का 2624 वां जन्म कल्याणक महोत्सव धर्मनगरी रायपुरम में गुरुवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

आयोजन सुमतिनाथ जैन युवा मंडल, ज्ञान युवक मंडल, तेरापंथ जैन संघ द्वारा किया गया। अहिंसा रैली सुबह 8 बजे आर. सी. सी. ट्रस्ट कालोनी में श्री पार्श्वनाथ जिनालय में प्रभु दर्शन करने के पश्चात एमएस कोईल स्ट्रीट में सुमतिनाथ जिनालय में प्रभु दर्शन के बाद जैन भवन, रायपुरम मे धर्म सभा में परिवर्तित हो गई। बैंड बाजे व प्रभु महावीर की झाँकियों के साथ करीब 500 लोगों ने जयकारों के साथ वरघोडे की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर मण्डल के सदस्यों द्वारा 40 मीटर का जैन ध्वज लहराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिनेंद्र ज्योति ट्रस्ट की डॉ ललीता छोरलीया का सम्मान किया गया। जिनेंद्र ज्योति ट्रस्ट के विकलांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जैन भवन में पुराने कपड़ों का काउंटर लगाया गया व एकत्रित कपड़े जरुरतमंदों को दिये जायेंगे। मुकेश चुत्तर ने संचालन किया। इस अवसर पर जैन भवन के बाहर करीब 1000 जरूरतमंदो को अन्नदान व छाछ का वितरण किया गया।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.